दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:कोटा,जयपुर, टोंक एवं अलवर
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 03 | अंक : 116 | कोटा | गुरुवार , 13 फरवरी, 2025 | फागुन, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | प्रातःकालीन संस्करण | RNI NO. RAJHIN/2022/86285 | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
24.0⁰ अधिकतम तापमान | 12.0⁰ न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,171.08 (-122.52 (0.16%)) |
| निफ्टी | 23,045.25 (-26.55 (0.12%)) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 87,885 /10g |
| चांदी | 99,500 /Kg |

## संक्षिप्त समाचार

### जनवरी में रिटेल महंगाई घटकर 4.31 प्रतिशत पर आई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से जनवरी में रिटेल महंगाई 5 महीने के निचले स्तर 4.31% पर आ गई है। अगस्त में महंगाई 3.65% पर थी। इससे पहले दिसंबर में महंगाई 5.22% रही थी। 12 फरवरी को सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 8.39% से घटकर 6.02% हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.76% से घटकर 4.64% और शहरी महंगाई 4.58% से घटकर 3.87% हो गई है।

**कैसे प्रभावित करती है?** महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

**महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है?** महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी।

### भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा

#### 3 पायदान गिरकर 96वीं रैंक पर पहुंचा, 180 देशों की लिस्ट में चीन 76 और पाकिस्तान 135वें नंबर पर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने 11 फरवरी को अपनी 180 देशों की करप्शन रिपोर्ट जारी की। भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। वह 2024 की लिस्ट में 3 पायदान गिरकर 96वें नंबर पर आ गया है। 2023 में भारत 93वें नंबर पर था। इसका मतलब हमारे यहां करप्शन बढ़ा है। पड़ोसी देश चीन 76वें नंबर पर बरकरार है। उसकी रैंकिंग में 2 साल से बदलाव नहीं आया है। वहीं, पाकिस्तान में भी करप्शन बढ़ा है। वह 133 से 135वें नंबर पर आ गया है। श्रीलंका 121वें और बांग्लादेश 149वें नंबर पर है डेनमार्क पहले नंबर पर बना हुआ है। वहां सबसे कम भ्रष्टाचार है।

**बढ़ता TOON!**






# महाकुंभ : माघ पूर्णिमा पर 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज।** महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का स्नान जारी है। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ है। 2 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। काटजू रोड पर मस्जिद के बाहर जुटे नमाजियों ने भी श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की। महाकुंभ मेले से भीड़ जल्दी बाहर निकल जाए, इसलिए लेटे हनुमान मंदिर, अक्षयवट और डिजिटल महाकुंभ सेंटर को बंद रखा गया। बुधवार को महाकुंभ में कल्पवास भी खत्म हो गया। संगम स्नान के बाद करीब 10 लाख कल्पवासी यहां से विदा हुए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान बदला हुआ है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। ऐसे में श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। पार्किंग से शटल बसें चल रही हैं, लेकिन ये बेहद सीमित हैं। संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दिया जा रहा, ताकि भीड़ न बढ़ पाए।

### अनिल कुंबले ने अपनी पत्नी के साथ संगम में लगाई डुबकी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले अपनी पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। कुंबले ने इस अनुभव की तस्वीरों को खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया हैं। उनसे पहले मयंक अग्रवाल को महाकुंभ में अपने पिता के साथ पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुए देखा गया। अब कुबंले और उनकी वाइफ की तस्वीरों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर अपनी पत्नी चेतना संग तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें प्रयागराज के महाकुंभ की हैं। कुंबले को अपनी पत्नी संग संगम में आस्था की डुबकी लगाते हुए देखा जा रहा हैं। खास बात ये है कि कुंबले ने माघ पूर्णिमा पर स्नान किया। सनातन शास्त्रों में इस तिथि को बेहद खाद बताया गया है। पंचांग के अनुसार, हर महीने के शुक्ल पक्ष की आखिरी तिथि को पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। माघ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को माघ पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है।



### आज वाकई मैंने गंगा नहा लिया : सुनील शेट्टी



एक्टर सुनील शेट्टी ने बुधवार को संगम स्नान किया। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सुनील शेट्टी का स्वागत किया। सुनील शेट्टी ने कहा- ऐसे ही सोचा कि प्रयागराज चल कर महाकुंभ में शामिल हो सकें तो अच्छा रहेगा। जिसके लिए उन्होंने पांच-छह दोस्तों से बात की। फिर मंत्री नंदी से बात हुई। उनके माध्यम से ऐसी व्यवस्था हुई कि सब कुछ आसानी से हो गया। एक कहावत है न कि गंगा नहा लिया, वाकई में आज मैंने यहां आकर यह अनुभूति की।

### वॉर रूम में 2500 कैमरे एक्टिव : डीजीपी प्रशांत कुमार

उत्तर प्रदेश डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा- महाकुंभ 2025 का ये पांचवां स्नान है। महाशिवरात्रि का स्नान होना बाकी है। मौनी अमावस्या के दिन एक गलती हुई थी, उससे सीख लेते हुए हम इस पर काम कर रहे हैं कि और बेहतर प्रबंधन कैसे हो। हमने एक प्रबंधन तकनीक अपनाई, जिसका नतीजा है कि महाकुंभ में अब तक 46 से 47 करोड़ लोग आ चुके हैं। प्रयागराज के अलावा हमारा ध्यान चित्रकूट, काशी विश्वनाथ मंदिर, विंध्याचल मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर है। हमने लखनऊ में वॉर रूम बनाया है, हमारे 2500 से ज्यादा कैमरे एक्टिव हैं, हम उन सभी से लाइव फीड ले रहे हैं। रेलवे मुख्य स्नान वाले दिन 400 से ज्यादा ट्रेनें चला रहा है और करीब 350 ट्रेनें रोजाना चलाई जा रही हैं।

### कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह महाकुंभ पहुंचे

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संगम में डुबकी लगाई। नाव की सवारी की। उन्होंने कहा- मैं पिछले 3 कुंभ से यहां स्नान करता आया हूं। महाकुंभ में जो दुर्घटना हुई है उस पर हम अपना दुख प्रकट करते हैं। कहीं न कहीं कमी रही, क्योंकि कहा गया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था है।

## मोदी ने फ्रांस में सावरकर को याद किया

### 115 साल पहले अंग्रेजों की कैद से भागकर सावरकर यहीं पहुंचे थे

बढ़ता राजस्थान

**पेरिस।** पीएम मोदी का फ्रांस दौरे पर तीसरा दिन है। वे मंगलवार की रात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ फ्रांस के दूसरे सबसे बड़े शहर मार्से पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्वंतत्रता सेनानी वीर सावरकर को याद किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि यह शहर भारत की आजादी में खास महत्व रखता है। दरअसल, सावरकर को 1910 में नासिक षड्यंत्र मामले के तहत लंदन में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें जहाज से भारत लाया जा रहा था। जब उनका जहाज मार्से के पास पहुंचा तो उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी और तैरकर तट तक पहुंच गए। मार्से में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया। फ्रांस की सरकार ने अपनी जमीन पर सावरकर की गिरफ्तारी का विरोध किया और मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तक ले गई।



#### मोदी ने फ्रांसीसी सेना को भारत आने का न्योता दिया

मोदी ने फ्रांसीसी सेना को पिनाक की क्षमता को करीब से परखने के लिए न्योता दिया है। मोदी ने कहा कि फ्रांस के साथ पिनाक रॉकेट मिसाइल सिस्टम की डील दोनों देशों के रक्षा संबंधों में मील का पत्थर होगा। यह सिस्टम पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है। यह सिस्टम केवल 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग सकता है, यानी हर 4 सेकेंड में एक रॉकेट। भारत पहले से ही आर्मेनिया को पिनाक का निर्यात कर रहा है, जबकि कुछ आसियान और अफ्रीकी देशों ने भी इसे हासिल करने में रुचि दिखाई है।

#### भारत-फ्रांस के बीच इन अहम मुद्दों पर सहमति

भारत-फ्रांस के बीच में एआई के क्षेत्र में रिसर्च, डेटा सिक्योरिटी के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एडवांस मॉड्यूलर रिएक्टर और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर के को-डेवलपिंग और को-प्रोड्यूसिंग पर सहमति बनी। भारत के परमाणु ऊर्जा विभाग और फ्रांस के परमाणु ऊर्जा विभाग के बीच समझौता हुआ। इसके तहत भारत के ग्लोबल सेंटर न्यूक्लियर एनर्जी पार्टनरशिप और फ्रांस के इंस्टीट्यूट फॉर न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीच रिसर्च और ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। क्लीन एनर्जी, डिजिटल डेवलपमेंट, ग्रीन एनर्जी, वुमेन एजुकेशन, स्वच्छता जैसे मुद्दों पर एक साथ काम करने पर सहमति बनी।

## सिख दंगा के एक और केस में सज्जन कुमार दोषी


बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सिख दंगा के एक और केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। कोर्ट 18 फरवरी को सजा सुनाएगी। इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है। यह केस 1984 सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार में 2 सिखों की हत्या से जुड़ा है। दिल्ली दंगों में सज्जन के खिलाफ 3 से ज्यादा केस चल रहे हैं। एक में वे बरी हो चुके हैं। इससे पहले दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उन्हें हिंसा कराने और दंगा भड़काने का दोषी पाया था और उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिलहाल सज्जन तिहाड़ जेल में सजा काट रहे हैं।




## राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

बढ़ता राजस्थान



**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 80 साल की उम्र में निधन हो गया। बुधवार सुबह 7 बजे लखनऊ पीजीआई में उन्होंने आखिरी सांस ली। 3 फरवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद उनको अयोध्या से लखनऊ रेफर किया गया था। आचार्य सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर अयोध्या के सत्य धाम गोपाल मंदिर आश्रम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर सीएम योगी ने शोक जताया है। आचार्य सत्येंद्र दास को कल यानी 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे जल समाधि दी जाएगी। सत्येंद्र दास 32 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ था। यह जिला अयोध्या से 98 किमी दूर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अक्सर अयोध्या जाया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने जाते थे। अयोध्या में उनके पिता अभिराम दास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी की मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था।

इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई। मूर्तियों के प्रकट होने के दावे और अभिराम दास जी की रामलला के प्रति सेवा देखकर सत्येंद्र दास बहुत प्रभावित हुए।

रीजनल ऑफिसः-बढ़ता राजस्थान,सत्यनारायण मंदिर के पास गोरधनपुरा,कोटा-7(राज.)मो.नं.8003232326,8209603264,बून्दी,झालावाड़,रावतभाटा,अन्ता-बांरा,रामगजमंडी,भवानीमंडी,मोड़क,असनावर,इकलेरा,डग,पिड़ावा,खानपुर,बकानी,सुकेत,सुल्तानपुर,सांगोद,दीगोद,दरा,मंडावर,बाघेर,हरिगढ़ में प्रसारित

## सम्पादकीय

# ट्रंप के फैसलों से मची उथल-पुथल के फायदे

सफेद आलीशान इमारत में रहने वाला 78 साल का एक व्यक्ति अपने देश और पूरी दुनिया को झटके दे रहा है। यह व्यक्ति कोई और नहीं बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप है। पद संभालने के बाद पखवाड़े भर बाद ट्रंप अमेरिका में अवैध तरीके से रहने वाले हजारों लोगों को रोजाना उनके देश भेज रहे हैं, अतीत में भेदभाव के शिकार हुए वर्गों को अधिक मौके देने वाली नीतियां देश के संस्थानों से खत्म कर दी हैं, अमेरिका को पेरिस जलवायु संधि और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से बाहर निकाल लिया है, विकासशील देशों को दी जा रही मदद रोक दी है, हजारों संघीय कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और व्यापारिक साझेदारों (कनाडा तथा मेक्सिको) तथा प्रतिद्वंद्वियों (चीन) पर भारी शुल्क थोप दिए हैं। इससे भी बड़ी बात है कि अभी तो यह शुरुआत है। भारत भी जल्द ही ट्रंप के निशाने पर होगा। लेकिन ट्रंप के दूसरे उथल-पुथल मचाने वाले कदमों का इंतजार करते हुए उन पर फौरन प्रतिक्रिया देने से बेहतर है कि हम ठीक से उनका आकलन कर लें। अपने पहले कार्यकाल के उलट ट्रंप एक के बाद धड़ाधड़ निर्णय लेते जा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि उनके कई फैसलों को आगे जाकर चुनौती दी जाएगी और शायद उन्हें पलट भी दिया जाए। फैसले लेने के लिए उनके पास तीन से छह महीने का समय है, जिसके बाद न्यायालय, विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी और उनकी नीतियों से प्रभावित दूसरे लोग जवाबी हमला करेंगे। ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने यानी सौदेबाजी के लिए मशहूर हैं और इसीलिए हो सकता है कि उनके शुरुआती कदम मोलभाव के लिए उठाए गए हैं (मेक्सिको और कनाडा के साथ बातचीत के बाद शुल्क टाल दिया गया है)। लेकिन ट्रंप अपने मतदाताओं को संदेश दे रहे हैं कि उन्होंने जो भी वादे किए थे पूरे किए जा रहे हैं चाहे बाद में उनमें से कुछ को पलट दिया जाए। अपनी नाकामी का दोष तो वह अपने शत्रुओं पर मढ़ ही सकते हैं। ट्रंप के निर्णयों से कुछ समय के लिए बाधाएं जरूर आई हैं मगर यह कहना जल्दबाजी मानी जाएगी कि वह दुनिया को नुकसान ही पहुंचाएंगे और उनसे कोई फायदा नहीं होगा। भू-राजनीति और अर्थशास्त्र को समझदारी भरे रास्ते पर लाने के लिए इस समय कुछ उथलपुथल तो जरूरी लग रही है। भारत में हमें भी उन मुश्किल विषयों पर बात शुरू करनी चाहिए, जिनसे अभी तक हम केवल बचते आए हैं क्योंकि यहां वाम-उदार धड़ा तय कर रहा था कि दुनिया कैसे चलनी चाहिए। अगर हम ध्यान देते तो पाते कि जो दुनिया हमें दिखाई गई थी वह बिखरने लगी है। खुद को ट्रंप की जगह रखकर सोचिए।

दो जंग चल रही हैं, जिनकी बड़ी कीमत अदा करनी पड़ रही है, वैश्वीकरण बिखर रहा है, अवैध आव्रजन नियंत्रण से बाहर हो गया है और सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रहा है। इन सबके साथ अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए अतिरिक्त डॉलर छापने पड़ रहे हैं तथा कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में आम तरीकों से काम नहीं चलेगा।

हमें ट्रंप का शुक्रगुजार होना चाहिए कि उनके कारण हम राष्ट्रवाद पर बिना किसी हिचक के बात कर सकते हैं और जलवायु परिवर्तन एवं शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों के बारे में ऊटपटांग धारणाओं पर सवाल उठा सकते हैं। ट्रंप के कारण ही हम शिक्षा तथा रोजगार में किसी एक तबके को बिना सोचे समझे तरजीह देने के फायदे-नुकसान पर चर्चा कर सकते हैं, वैश्वीकरण तथा मुक्त व्यापार के फायदों पर सवाल उठा सकते हैं और बेहद कम समय में दूसरे देशों से बहुत अधिक लोगों के आ जाने से होने वाले नुकसान पर भी चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप की वजह से जो प्रभाव पड़े हैं, उन पर मेरा विश्लेषण पेश है। सबसे पहले, 'अमेरिका फर्स्ट' का सीधा मतलब है कि अमेरिका अधिक अलग-थलग रुख अपनाएगा और उसका जोर उत्तर तथा दक्षिण अमेरिका पर दबदबा कायम करने पर रहेगा।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 13 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- एलिजाबेथ (प्रथम) इंग्लैंड की साम्राज्ञी 1559 में बनी।
- स्पेन में राष्ट्रीय दिवालिएपन की घोषणा के बाद 1607 में 'बैंक ऑफ जेनेवा' का पतन हुआ।
- इतालवी खगोलविद, भौतिकविद एवं गणितज्ञ गैलीली गैलिलियो ने 1610 में बृहस्पति के चौथे उपग्रह कैलिस्टो की खोज की।
- मुगल बादशाह बहादुर शाह ज़फर ने 1709 में अपने तीसरे भाई काम बख्श को हैदाराबाद में हराया।
- उदयपुर के राणा ने 1818 में मेवाड़ प्रांत की रक्षा के लिये ब्रिटिश सेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी की सेना के अधिकारी डॉ. विलियम ब्राइडन 1842 में 'आंग्ल अफ़गान युद्ध' में जिंदा बचे रहने वाले इकलौते ब्रिटिश सदस्य रहे।
- अंग्रजों और सिखों के बीच 1849 में चिलियनवाला में दूसरा युद्ध हुआ।
- असम में युवाओं ने 1889 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी का प्रकाशन शुरु किया।
- न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण 1910 से प्रारम्भ हुआ।
- इटली के एवेज्जानो शहर में 1915 में आये विनाशकारी भूकंप में 30 हजार से अधिक लोग मारे गए।
- 1930 में पहली बार मिकी माउस कॉमिक स्ट्रिप का प्रकाशन हुआ।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये 1948 में आमरण अनशन शुरू किया।
- टोगों के राष्ट्रपति सिलवेनस ओलिम्पियो की 1963 में एक सैनिक विद्रोह में हत्या कर दी गयी।
- भारत के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 1964 में हिंदू और मुसलमानों के बीच भयानक सांप्रदायिक दंगे हुए। जिनमें करीब 200 लोग मारे गए और 300 से ज़्यादा लोग घायल हुए।
- 1966 में अमेरिका ने नवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1988 में चीन के राष्ट्रपति चिंग चियांग कुमो का निधन।
- 1995 में बेलारूस नाटो का 24वाँ सदस्य देश बना।
- परमाणु कार्यक्रम को लेकर 2006 में ईरान पर सैन्य आक्रमण से ब्रिटेन ने इन्कार किया।
- महिलाओं के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का 37वाँ अधिवेशन 2007 में न्यूयार्क में शुरू।
- जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फ़ारुख़ अब्दुल्ला 2009 में नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष बनाए गए।

### 13 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1450 में जिस के जलमार्ग का प्रयोग करके ही वास्को डी गामा ने भारत के जलमार्ग की खोज की थी उस पुर्तग़ाल के नाविक बारथोलोमियु डेयाज़ का जन्म हुआ।
- 1896 में भारत के प्रसिद्ध कन्नड़ कवि और साहित्यकार दत्तात्रेय रामचन्द्र बेंद्रे का जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# राजस्थान-सरकार के लिए चुनौती बनते "बाबा" झुकेगें या झुकायेंगे


– रामस्वरूप रावतसरे

**पिछले दिनों एक वीडियो सामने आया जिसमें डॉ. किरोड़ी कहते सुनाई दे रहे हैं कि सरकार उनकी जासुसी कर रही है। उन्होंने फोन टैप किए जाने की बात भी कही और साथ में यह भी कहा कि वे डरने वाले नहीं है। जैसे ही बाबा का यह वीडियो सामने आया तो विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया। सदन में भारी हंगामा हुआ और सरकार की किरकिरी भी हुई। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के बाद पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने अपनी ही पार्टी को कटघरे में खड़ा किया हो।**

सिभाजपा के वरिष्ठ नेता और भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को पार्टी द्वारा नोटिस दिया गया है। नोटिस में आरोप है कि उन्होंने मंत्रिपरिषद से इस्तीफ़े की खबर अखबारों में छपवाई। उन्होंने सार्वजनिक रूप से भाजपा सरकार पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया, जो गलत है। पार्टी का कहना है कि मीणा के बयान से भाजपा सरकार की छवि ख़राब हुई है। यह पार्टी के संविधान के खिलाफ़ है।

नोटिस में आगे लिखा है, ''आपने पिछले दिनों मंत्रिपरिषद से इस्तीफे की खबर न्यूज पेपर में छपवाने के लिए उपलब्ध करवाई और सार्वजनिक रूप से बयान देकर भाजपा नीत सरकार पर फोन टैप कराने का आरोप लगाया, जो असत्य है।'' पार्टी ने साफ़ किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मीणा के बयान को अनुशासनहीनता माना है। इसीलिए यह नोटिस भेजा जा रहा है। मीणा को तीन दिन में जवाब देना होगा, वरना माना जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं कहना है।

पिछले एक साल में ऐसा अनेक बार हुए जब बाबा ने अपनी ही सरकार पर जुबानी हमले किए। जानकारों का कहना है कि डॉ. किरोड़ीलाल मीणा सरकार बनने के वक्त से ही नाराज हैं। सबसे जूनियर नेता को मुख्यमंत्री बनाने और सीनियर नेताओं को पीछे धकेलने से ही डॉ. किरोड़ीलाल मीणा नाराज हो गए थे। जब भजनलाल शर्मा का नाम मुख्यमंत्री के लिए ऐलान किया गया तब बाबा के समर्थकों ने भाजपा मुख्यालय के बाहर जबरदस्त हंगामा किया था। बाद में मंत्री बनाने के बाद जब उन्हें आधे अधूरे विभाग मिले, उनको दिए गए कृषि विभाग के साथ वाले विभाग दूसरे मंत्री को दे दिए गए। लोकसभा चुनाव तक बाबा शांत रहे लेकिन लोकसभा चुनाव का परिणाम आते ही उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा तो सरकार से नाराजगी की वजह से दिया लेकिन बहाना पार्टी का हार का बना दिया गया। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में लंबा आंदोलन कर चुके हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद एसआई भर्ती 2021 पेपर लीक मामले की परतें खुलती गई। 51 ट्रेनी एसआई, आरपीएससी के वर्तमान और पूर्व सदस्य सहित 80 से ज्यादा आरोपी गिरफ्तार हुए। डॉ. मीणा ने इस भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग की। शुरुआती दिनों में ही वे मुख्यमंत्री भजनलाल से मिले और भर्ती को रद्द करने की मांग की लेकिन सरकार ने उनकी बात नहीं मानी। बताया जाता है बार बार आग्रह करने के बाद भी जब सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया तो बाबा सरकार के खिलाफ मीडिया में बयान देने लगे कि यह उनकी समझ से परे है कि भर्ती को रद्द क्यों नहीं किया जा रहा। डॉ. मीणा ने एसआई भर्ती को लेकर भाजपा सरकार को कटघरे में भी खड़ा किया।जानकार लोगों का कहना है कि बाबा को राजी करने के लिए पार्टी ने उनके छोटे भाई जगमोहन मीणा को विधानसभा उपचुनाव में टिकट दिया लेकिन वे चुनाव जीत नहीं सके। भाई की हार से डॉ. मीणा काफी आहत हुए। जगमोहन की हार के लिए बाबा ने भाजपा के नेताओं को ही जिम्मेदार ठहराया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने जगमोहन को जीताने के लिए जोर नहीं लगाया। हार से नाराज बाबा ने नाम लिए बिना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर इशारों ही इशारों में बड़ा हमला किया था। बाबा ने कहा था कि मेरे भाई को अभिमन्यू की तरह घेर कर मारा गया। भाई बनाकर पीठ में छूरा घोंपा है। करीब दो महीने पहले डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का महेश नगर थाने की तत्कालीन एसएचओ कविता शर्मा से विवाद हो गया। एसएचओ कविता शर्मा और केबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के बहस करते हुए का वीडियो भी सामने आया। बाद में एसएचओ ने मंत्री के खिलाफ रोजनामचे में रपट डाल दी। इसके बाद डॉ. मीणा ने भी एसएचओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मंत्री मीडिया से रूबरू हुए और एसएचओ कविता शर्मा के काले कारनामों को सामने रखा। उन्होंने एसएचओ कविता शर्मा को तुरंत हटाने की मांग की लेकिन सरकार ने मंत्री के द्वारा उठाए गए मुद्दों को अनदेखा कर दिया। इस पर प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि सरकार में उनकी सुनवाई नहीं होती, इसीलिए वे मीडिया के जरिए जनता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं। 31 जनवरी को जब विधानसभा के बजट सत्र का शुभारम्भ हुआ। उस दिन डॉ. मीणा सदन में पहुंचे। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान मौजूद रहे। दोपहर को वे मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में भी उनका अपमान हुआ और वर्तमान सरकार में भी अपमान हो रहा है। बाबा के अनुसार जिन मुद्दों को लेकर हम सत्ता में आए है उन मुद्दों को भूला दिया गया है। पेपर लीक होना साबित होने के बावजूद भर्ती को रद्द नहीं किया जा रहा। सरकार की आंखों के सामने रोज करोड़ की बजरी चोरी हो रही है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। डॉ. मीणा के अनुसार जमाना मिलावट का है लेकिन वे हां में हां मिलाने वाले नेताओं में नहीं है। डॉ. किरोड़ीलाल मीणा कैबिनेट मंत्री हैं। उनके पास कृषि विभाग का अहम जिम्मा है लेकिन जुलाई 2024 में हुए विधानसभा सत्र में भी उन्होंने सदन की कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया।

## विश्व रेडियो दिवस विशेष

# सूचना क्रांति व एआई चैटबॉट युग में भी जीवन को रौशन कर रहा है रेडियो


– सुनील कुमार महला

**आज का युग सूचना क्रांति का युग है, एडवांस एआई तकनीक का युग है। विज्ञान ने आज इतनी अधिक तरक्की कर ली है कि सूचना क्रांति और एआई तकनीक के इस आधुनिक युग में आज हमारे पास मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं। प्राचीन काल में मनोरंजन के साधन आखेट, कथा-कहानी, आपबीती, तैराकी, घुड़सवारी, पर्यटन, चौसर, खेल-तमाशे, कुश्ती, कबड्डी,ताश, शतरंज ,कला, प्रदर्शन, नृत्य, संगीत, बाजे,नाटक, मेले, सामाजिक सभाएं(चौपाल),ढ़ोलक, हारमोनियम पर गाना आदि हुआ करते थे और मनुष्य इन साधनों के द्वारा मनोरंजन किया करता था।**

पहले के जमाने में आज की तरह न इंटरनेट की उपलब्धता ही थी और न ही स्मार्ट फ़ोन,लैपटॉप, टीवी ही हुआ करता था। कहना ग़लत नहीं होगा कि पहले के जमाने में मनोरंजन के सीमित संसाधन थे। वैसे पुराने जमाने में मनोरंजन का एक बड़ा साधन जो रहा है, वह रेडियो है। कहना ग़लत नहीं होगा कि रेडियो जानकारी प्रदान करने, लोगों को शिक्षित करने, संस्कृतियों के बीच अभिव्यक्ति की अनुमति देने और निश्चित रूप से, हमारे सभी पसंदीदा संगीत बजाने का एक शानदार और सशक्त मंच है। चाहे तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, रेडियो एक अपूरणीय माध्यम है, खासकर प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के दौरान। सच तो यह है कि रेडियो आज प्रसारण का वह माध्यम है जो मनोरंजन, स्थानीय समाचार, खेल अपडेट, चर्चाएँ, बढ़िया संगीत प्रदान करता है, और मार्केटिंग का भी एक प्रभावी तरीका है। आज सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस आधुनिक युग में भी रेडियो की प्रासांगिकता समय के साथ बिल्कुल भी कम नहीं हुई है और आज 13 फरवरी है-विश्व रेडियो दिवस। पाठकों को बताता चलूं कि पहला रेडियो प्रसारण 1895 में गुग्लिल्मो मार्कोनी द्वारा किया गया था और संगीत और बातचीत का रेडियो प्रसारण, जिसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों के लिए था, प्रयोगात्मक रूप से, कभी-कभी 1905-1906 के आसपास अस्तित्व में आया। यह भी उल्लेखनीय है कि जेम्स क्लर्क मैक्सवेल ने सबसे पहले रेडियो की संभावना का प्रस्ताव रखा था।साल 1920 के दशक की शुरुआत में रेडियो व्यावसायिक रूप से अस्तित्व में आया और लगभग तीन दशक बाद रेडियो स्टेशन अस्तित्व में आए और 1950 के दशक तक रेडियो और प्रसारण प्रणाली दुनिया भर में एक आम वस्तु बन गई। वास्तव में विश्व रेडियो दिवस का उद्देश्य रेडियो के महत्व के बारे में जनता और मीडिया के बीच अधिक जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन का उद्देश्य रेडियो स्टेशनों को अपने माध्यम से सूचना तक पहुंच प्रदान करने और प्रसारकों के बीच नेटवर्किंग और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। बहरहाल,भले ही आज के युग के बारे में कोई ये समझे कि आज का मल्टीप्लेक्स सिनेमा का युग है या सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युग है। लेकिन रेडियो का महत्व आज भी कम नहीं हुआ है। शहरों में सिटी बसें दौड़ रहीं हों या आटो-टैक्सियां आपको इनमें रेडियो बजता हुआ सुन जाएगा। आज स्थान स्थान पर बहुत से कम्युनिटी रेडियो सेंटर्स खुल गये हैं अथवा एफ.एम. की बहार है। सिटी बसेज में तो एफ.एम. का अपना अलग ही आनंद है। आप दिल्ली चले जाइए, जयपुर घूम आइए या किसी अन्य बड़े शहर की सैर कर आइए, आपको रेडियो मिर्ची, समाचार जरूर ट्यून होते मिलेंगे। चाय की थड़ियों में, दुकानों में अखबार पढ़ने के साथ ही आपको रेडियो सुनने का आनंद लेते लोग मिल जाएंगे। आज भागमभाग भरी व दौड़-धूप भरी इस जिंदगी में भी रेडियो की एक अपनी अलग ही महत्ता व

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान


अजय अग्रवाल
अध्यक्ष, सार्वजनिक गौशाला

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं एक ऐसा नाम जो अलवर शहर के बच्चे-बच्चे की जुबान पर है जी हां शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने में इस शख्सियत का बहुत बड़ा नाम है। आज भी लोग इनके सभापति नगर परिषद पद के कार्यकाल को बखूबी याद करते हैं। ना भ्रष्टाचार किया और ना ही होने दिया। नगर परिषद के तत्कालीन आयुक्त अनिल वार्ष्णेय सर और सभापति अजय अग्रवाल ने सच में शहर को एक नया स्वरूप दिया। हालांकि हमेशा राजनीति के शिकार हुए या यूं कहें कि हमेशा अपनों ने ही मारा इन्हें वरना आज दिशा और दशा दोनों ही अलग होती शहर की। एक अलग सा विजन दिमाग में और कुछ कर गुजरने का जज्बा लिए चलते रहे सिर्फ इस उद्देश्य से कि सच में अलवर शहर के लोगों के लिए कुछ अच्छा करना है लेकिन समय की विपरित धारा का प्रभाव इन पर भी पड़ा। गौ वंशों के लिए बेहतरीन सोच के कारण आज कई सालों से सार्वजनिक गौशाला के निर्विरोध अध्यक्ष हैं।

हमेशा गायों की सेवा में अपना समय देते हैं। गत विधानसभा चुनावों में महज कुछ ही मतों से भाजपा के संजय शर्मा ने इन्हें हराया लेकिन सच ये है कि इन्हे जिताने में कॉग्रेसी जितने खुश नजर आ रहे थे अलवर की जनता जितनी खुश नजर आ रही थी कॉग्रेस के पदाधिकारी उतनी ही स्पीड़ से इन्हे हराने में जुटे हुए थे। अब बाहर वालों से तो लड़ाई संभव है लेकिन जब माला के पीछे खंजर हो तो भला कौन बचे। खैर आज भी ये अलवर के लोगों की भावनाओं में वास करते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_043 a – बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | 1 | | 7 |
| | 1 | 7 | 9 | | 5 | 3 | 8 | |
| 1 | | 3 | | | | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | 7 | 1 | 3 |
| | 8 | 5 | | 6 | 3 | 9 | 2 | |
| 5 | | 8 | | | 6 | | 9 | |
| 6 | | 1 | 7 | 5 | 4 | | 3 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 5 |

### Ans_2025_042

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 9 | 6 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

### वृष

यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन

दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### कर्क

निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

### सिंह

आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

### कन्या

सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

### तुला

पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

### वृश्चिक

प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

### धनु

मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

### मकर

सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।

### कुंभ

विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

### मीन

व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

# भाजपा के प्रबुद्धजन सम्मेलन में वक्ताओं ने केन्द्रीय बजट की बताई विशेषताएं, जमकर सराहा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को भाजपा शहर जिला कोटा की ओर से पुरुषार्थ भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट पर पत्रकार वार्ता को को सम्बोधित किया और केन्द्रीय बजट की विशेषताएं बताई।

रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिलाध्यक्ष राकेश जैन, प्रदेश मंत्री अनुसुईया गोस्वामी, एसएसआई से गोविंद राम मित्तल और मनीष माहेश्वरी, चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ. अमित व्यास, व्यापार प्रकोष्ठ से विक्रम खंडेलवाल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ से अनिल तिवारी, आर्थिक प्रकोष्ठ से मिलिंद विजयवर्गीय व लघु उद्योग प्रकोष्ठ से केपी सिंह भी मंचासीन रहे। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य वक्ता का पार्टी दुपट्टा पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता सहित अन्य मंचासीन अतिथियों ने भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जिला उपाध्यक्ष रितेश चित्तौड़ा ने मंच संचालन किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने केन्द्रीय बजट की परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वप्न के विकसित भारत निर्माण की नींव है यह प्रस्तुत बजट। भारत को विकसित बनाने के लिए बहुअयामी लक्ष्य तय करके, पूरी जबाबदेही से मोदीजी की सरकार काम कर रही है, जिससे भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बने। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बजट में कर प्रणाली को आसान किया है और मध्यमवर्ग को बड़ी राहत दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज और व्यवस्थित गति से आगे बढ़ रही है। इसकी जीडीपी दर विश्व में सबसे तेज है। वहीं विदेशी मुद्रा भंडार में हम आत्मनिर्भर हैं, इतिहास का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में भारत के पास है। देश अपनी सभी आयात जरूरत को पूरा करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत 2047 के लिए वर्तमान बजट में चार ग्रोथ इंजन तय किए गए हैं। ये हैं कृषि, लघु उद्योग, निवेश और निर्यात। जिन पर विशेष फोकस करके देश को प्रगति को नई ऊंचाई प्रदान करने की कोशिश की जाएगी।

**प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करना हो लक्ष्य :** रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाना होना चाहिए। केन्द्रीय बजट की विशेषताओं को हम सभी जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि आमजन इसके महत्व को समझ सके।

**देश की दशा व दिशा बदलने वाला बजट :** कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि यह देश की दशा व दिशा बदलने वाला बजट है। 2047 का ऐसे विकसित भारत का सपना है, जिसमें गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों को उस रेखा से बाहर निकालना है। सभी को शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें।

### गरीब, युवा, किसान व नारी शक्ति पर फोकस

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 को समर्पित बजट है। मोदी का बजट गरीब, युवा, अन्नदाता किसान एवं नारी शक्ति इन चारों पर फोकस किया गया है। बजट में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, इसी संकल्प के साथ इस बजट में आमजन से लेकर व्यापारी तक के लिए बहुत कुछ है। इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए विशेष ध्यान रखते हुए 12 लाख रुपए तक की आय वाले नागरिकों को टेक्स फ्री किया गया है। यह बजट हम सबकी आशाओं, अपेक्षाओं का बजट है। कोटा शहर में पर्याप्त पीने का पानी, प्रचुर मात्रा में बिजली की व्यवस्था, विशाल रेलवे नेटवर्क है। जैन ने आगे कहा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से ही कोटा रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है । कोटा में एयरपोर्ट के निर्माण के लिए निविदाएं जारी हो चुकी हैं, जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। बिरला के प्रयासों से मेडिकल एजुकेशन में 10 हजार सीटें बढ़ेंगी, मेडिकल में पांच वर्षों तक 7500 सीटें प्रति वर्ष बढ़ेगी व आईआईटी में 6500 सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। कोटा कोचिंग का हब है। इससे कोटा शहर में कोचिंग व्यापार जगत को बढ़ावा मिलेगा तो कोटा की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### सम्मेलन में ये भी रहे मौजूद

प्रबुद्धजन सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र राही, कुलदीप सिंह नरुका, नीरज मनचंदा, रमेश आहूजा पूर्व पार्षद, गणेश नगर मंडल प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश महावर, दीनू बंजारा, अक्षय चौधरी, मनोज गोस्वामी, नरेन्द्र मेघवाल, मनोज तलाईचा, रामचंद्र नागर, मंडल प्रतिनिधि सोनिया सिंह राठौड़, महेन्द्र गर्ग सहित कोटा शहर के व्यापारी, शिक्षा, चिकित्सा, कोचिंग आदि क्षेत्रों से सम्बंधित लोग भी शामिल हुए।

## मोबाइल पर बात करते-करते तैश में आ युवक ने खुद के पेट में घोप दिया चाकू, दोस्तों के अनुसार किसी लड़की से करता है बात

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** भीमगंज मंडी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक युवक ने मोबाइल फोन पर बात करते-करते तैश में आकर अपने ही पेट में चाकू घोप दिया। गम्भीर घायल इस युवक को उसके दोस्तों ने एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसका बुधवार को भी इलाज जारी रहा। इस मामले में सामने आया है कि यह युवक किसी लड़की से प्यार करता है। उसी से मोबाइल पर बात करने के दौरान किसी बात पर गुस्से में आकर उसने यह कदम उठाया। भीमगंज मंडी थाने के सीआई रामकिशन गोदारा ने बताया, रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र की कैलाशपुरी का रहने वाला रजत पांडे (30) मंगलवार रात अपने दोस्तों के साथ अन्नपूर्णा रसोई में खाना खाने आया था। खाना खाने के बाद वह रंगपुर पुलिया के नीचे खड़ा हो मोबाइल पर बात कर रहा था। बात करते-करते उसे अचानक गुस्सा आ गया और अपने ही पेट में दो बार चाकू घोप दिया। इसका आईसीयू में इलाज जारी है।

**तीन साल पहले भी काटी थी हाथ की नस :** घायल रजत के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि तीन साल पहले भी उसने इसी तरह गुस्से में आकर अपने हाथों की नसें काट ली थी। वह प्रेम प्रसंग के चलते किसी युवती से मोबाइल पर बात करता है।

## प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

### स्पीक मैके की ओर से अकलंक कॉलेज में हुआ यह आयोजन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( का.स. )।** बसंत विहार स्थित अकलंक कॉलेज में बुधवार को स्पीक मैके के तत्वावधान में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना दिव्या राम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्या राम ने अपने नृत्य के माध्यम से कई आध्यात्मिक प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया। इनमें गणेश वंदना, वामन अवतार, केवट प्रसंग और शिव स्तुति प्रमुख थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज, सचिव अनिमेष जैन और अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के समस्त व्याख्याताओं ने दीप प्रज्वलन कर किया।

**प्रस्तुतियों में दिखी आध्यात्मिकता की गहराई :** दिव्या राम की प्रस्तुति दर्शकों को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की गहराई में ले गई। उनके नृत्य में भाव, लय और ताल का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। उन्होंने अपनी भावपूर्ण अभिव्यक्ति और नृत्य कौशल से दर्शकों को बांधे रखा। अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने कहा कि स्पीक मैके द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए भारतीय संस्कृति और कला को जानने का एक अच्छा अवसर था। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा।

### भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देना उद्देश्य

कार्यक्रम का संचालन बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा महक पचेरिया ने किया। उन्होंने अपनी मधुर वाणी और संचालन कौशल से कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। सचिव अनिमेष जैन ने बताया कि दर्शकों ने दिव्या राम के नृत्य की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम स्पीक मैके द्वारा भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयास का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र-छात्राओं के अलावा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर पहुंचे कोचिंग विद्यार्थियों के बीच

### परीक्षा से पहले की तैयारी के टिप्स बताए



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला प्रशासन के कोटा केयर्स अभियान के तहत जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी बुधवार को सीएडी सर्किल स्थित मोशन कोचिंग संस्थान में कोचिंग विद्यार्थियों की क्लास में पहुंचे। उन्होंने परीक्षा से पहले की तैयारी के लिए जरूरी मैथड्स एवं ध्यान में रखने योग्य बातें विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बच्चों को मोटिवेट किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने भी सवाल पूछे और जिला कलक्टर ने उनकी शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स को अपना अटेंशन स्पान समझना चाहिए। इसके अनुसार ही प्लानिंग करनी चाहिए। हम कितनी देर पढ़ सकते हैं। यह समझते हुए ही छोटी-छोटी प्लानिंग करें। ऐसे में एक्जीक्यूशन अच्छा हो सकेगा। आउटपुट ज्यादा आएगा। उन्होंने कहा कि बडी प्लानिंग की जगह छोटे स्पेल में प्लानिंग करें, और उसका एक्जीक्यूशन करें। डॉ.गोस्वामी ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाने और हमेशा नई ऊर्जा में खुद को महसूस करने की सीख दी। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों से सेल्फ डाउट, बैकलॉग, टेस्ट प्रिपेरेशन, रिवीजन, जैसे विषयों पर भी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि हमें पढ़ने के तरीके के बारे में सोचना चाहिए। विद्यार्थी स्मार्टली रिवीजन करें।

## विद्यालय में मनाई संत रविदास जयंती

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर भैंसरोड़गढ़ विद्यालय के वंदना सभागार में आज संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई । इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्या रेखा वैष्णव ने बताया कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा 1377 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक मोची के परिवार में हुआ था इनके पिता का नाम संतोष दास माता का नाम कलसा देवी पत्नी लोना पुत्र विजय दास था। इनके अनमोल विचार थे मनुष्य जन्म से छोटा बड़ा नहीं होता है अपने कर्मों से बड़ा बनता है निस्वार्थ भाव से ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। मन में दूसरों के प्रति ईर्ष्या क्लेश की भावना नहीं रखनी चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहन प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा एवं आचार्य उपस्थित रहे।

## रविदास जी महाराज की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल शोभायात्रा का पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेस जनों ने किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** संत शिरोमणी श्री 1008 रविदास जी महाराज की जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल शोभायात्रा का पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेस जनों द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। बुधवार को निंबाहेड़ा में संत शिरोमणी रविदास जयंती समारोह समिति द्वारा संत शिरोमणी श्री 1008 रविदास जी महाराज की जयन्ती के उपलक्ष्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जावद दरवाजा स्थित मेघवालों के मंदिर से प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य बाजारों से होती हुई सिंधी धर्मशाला पहुंची जहां मेघवाल समाज सम्मान समारोह और महाप्रसादी का आयोजन हुआ। विशाल शोभायात्रा के दोपहर 12.30 बजे यहां पुलिस चौकी के पास चित्तौड़ी दरवाजा पहुंचने पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल की उपस्थिति में कांग्रेस जनों पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। शोभायात्रा में रथ में विराजित संत शिरोमणी श्री 1008 रविदास जी महाराज की तस्वीर पर बंशीलाल राईवाल ने माल्यार्पण कर नमन किया। संत शिरोमणी रविदास जयंती समारोह समिति के पदाधिकारियों द्वारा बंशीलाल राईवाल को साफा बांधकर एवं ओपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। समस्त कांग्रेस जनों ने शोभायात्रा में शामिल सभी गणमान्य जनों, संत शिरोमणी श्री रविदास जी के समस्त भक्तों को बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव व अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह सोलंकी,चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद मोहम्मद कुरैशी,विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,पालिका के निवर्तमान पार्षद शमशु कमर, राजेश जैन, रोमी पोरवाल,पूर्व पार्षद शोभाराम जाट,बिहारी लाल सोलंकी,रामचन्द्र बामनिया,शांति लाल लाडना, मुकेश मेघवाल, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष धीरज नगरिया, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान,ज्ञान चंद्र पालेचा,फरीद खान, मंसूर अली बोहरा,मोती लाल पुर्सवानी, अधिवक्ता हरि प्रकाश तेली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संस्कृत शिक्षा मंत्री ने किया संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन, 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा नया भवन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने बुधवार को चेचट में संचालित राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए पूजन किया।

2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस नवीन भवन की नींव रखने के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। संस्कृत में अथाह ज्ञान छुपा है। अभी तक जितने भी शोध हुए है सभी में संस्कृत का योगदान है। आज भी पूरी दुनिया नए नए आविष्कार करने के लिए संस्कृत में रचित हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन कर रही है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा निरंतर प्रयास कर रहे है कि संस्कृत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो और लोग संस्कृत को पढ़े। चेचट में आदर्श वेद विद्यालय खोलने का आग्रह करने पर मुख्यमंत्री ने हमारा आग्रह मानकर यह विद्यालय खोलने की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए 15 बीघा जमीन का आवंटन भी हो गया है

## 14 साल पुराने जानलेवा हमले के आरोपी को 5 साल की सजा, बेटे को डॉक्टर को दिखाने ले जाते पड़ोसी पर की थी फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** युवक पर जानलेवा हमला करने के करीब 14 साल पुराने मामले में न्यायालय अपर न्यायाधीश क्रम संख्या दो ने बुधवार को आरोपी को 5 साल के साधारण कारावास व साढ़े पन्द्रह हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। दोषी तौफीक पठान उर्फ तौफीक अली मूल रूप से बारां का निवासी है, मगर अभी कोटा के ही विज्ञान नगर थाना क्षेत्र के संजय नगर भाग बी में रह रहा है। जानकारी के अनुसार इस मामले के परिवादी कल्याण सिंह ने मार्च 2011 में विज्ञान नगर थाने में शिकायत दी थी। इसमें बताया गया था कि वह रात साढ़े आठ बजे करीब अपने बच्चे को छत्रपुरा कॉलोनी में डॉक्टर को दिखाने जा रहा था। तभी मोहल्ले में रहने वाला तौफीक मिला। उसके साथ कुछ अन्य लड़के भी थे। तौफीक ने धमकी देते हुए कहा कि तेरे दोस्त भोजराज के कारण मुझे थाने में बंद होना पड़ा। इसमें मेरे दो हजार रुपए खर्च हो गए। वो पैसे तेरे से लेकर छोडूंगा। इसके बाद तौफीक ने पिस्तौल निकालकर कल्याण सिंह के सीने पर फायर कर दिया, हालांकि एक ओर हो जाने से गोली साइड से निकल गई। इसके बाद तौफीक ने भागते हुए धमकी दी कि अगर थाने में रिपोर्ट कराई तो जान से मार दूंगा। इसलिए कल्याण सिंह ने पहले तो डर के कारण थाने में शिकायत नहीं दी, मगर दोस्तों के समझाने पर वह पुलिस के पास पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई।

# मंदिर ठिकाना गलता जी तीर्थ स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण का हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई प्रबंधन एवं संचालित समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को मंदिर ठिकाना गलता जी तीर्थ स्थल के विकास एवं सौंदर्यीकरण के हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंदिर ठिकाना गलता जी के प्रबंधन एवं संचालन समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मंदिर ठिकाना गलता जी तीर्थ स्थल पर जारी विकास कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने जयपुर नगर निगम हैरिटेज के अधिकारियों को गलता तीर्थ के प्रवेश द्वार पर मंदिर का नाम पत्थर में उभरे हुये अंकित करने, आकर्षक लाईट लगाने, आवासीय धर्मशाला के सामने स्थित मार्ग के मध्य में फुलवारी एवं पेड़-पोधे लगवाकर विकसित करने, पार्किंग की दीवार एवं परिसर स्थित अन्य दीवारों पर गलता तीर्थ से संबंधित विवरण एवं श्लोक लिखवाने, गलता परिसर के मुख्य रास्ते को आकर्षक एवं सुंदर बनाने, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे के निर्देश दिये। वहीं, जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को मंदिर ठिकाना गलता जी के नियोजित विकास करने, सिसोदिया रानी बाग से गलता जी मंदिर तक जाने वाले मार्ग की दोनों तरफ आकर्षक लाइट लगवाने, गलता जी परिसर एवं घाट के बालाजी परिसर में शौचालय के निर्माण के निर्देश दिये। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों को गलता परिसर स्थित धर्मशाला के आस-पास एवं नजदीकी पहाड़ियों पर वृक्षरोपण एवं रंगीन फुलों की बेल लगाकर स्थान को विकसित करने के साथ साथ देवस्थान विभाग के अधिकारियों को मंदिर ठिकाना गलता जी के स्वामित्व की शेष रही सम्पत्तियों का अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण करने, मंदिर ठिकाना गलता जी के विद्युत कनेक्शनों को मंदिर के नाम ट्रांसफर करवाने की कार्यवाही पूर्ण करने के साथ साथ मंदिर ठिकाना गलता जी के इतिहास एवं वैभव का सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार करने, गलता परिसर स्थित धर्मशाला के एक हिस्से में कैफेटरिया संचालित किये जाने के संबंध में आवश्यक प्रक्रिया निर्धारित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारियों को तीर्थ स्थल गलता जी के इतिहास की जानकारी का ब्यौरा शिलापट्टों पर हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अंकन करवाकर सुलभ स्थलों पर लगवाने, पुरानी भित्ति चित्रकारी को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने हेतु समस्त तकनीकी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। बैठक में अतिरिक्ति जिला कलक्टर श्री आशीष कुमार सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम, वन विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, देवस्थान विभाग, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## 7 दिन में 4000 बाल वाहिनियों की जांच 1365 के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

### पुलिस का अनफिट व यातायात नियमों की अवहेलना करने वाली बाल वाहिनियों के खिलाफ सघन जांच अभियान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर पुलिस ने अनफिट सड़कों पर दौड़ रही बाल वाहिनियों के खिलाफ अभियान चलाया है। पिछले सात दिन में यातायात पुलिस ने 4000 बाल वाहनियों की जांच की , इसमें से 1365 के खिलाफ नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की गई। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने परिवहन के दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस को टीमें बनाकर जयपुर कमिश्नरेट क्षेत्र में अनफिट व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बाल वाहिनियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। चौमूं क्षेत्र में पिछले दिनों सड़क हादसे में बस में सवार एक छात्रा की मौत हो गई थी और कई बच्चे-अध्यापक घायल हो गए थे। सभी बाल वाहिनियों की जांच को लेकर 5 फरवरी से सात दिवसीय जांच अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि ऐसे सड़क हादसों की प्रभावी रोकथाम हो सके अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में यातायात उपायुक्त शहीन ने सात दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 4 हजार बाल वाहिनियों की जांच की गई।इनमें से कई बाल वाहनियां अनफिट पाई गई। कुछ बाल वाहिनियों के परमिट एक्सपायर हो चुके थे। कई चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थे तो कुछ के ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी थी। कुछ बाल वाहिनियों के ड्राइवर नशे में भी मिले तथा कुछ ने ड्राइवर की तय वर्दी नहीं पहन रखी थी। विभिन्न प्रकार की अनियमितता पाई जाने वाली कुल 1356 बाल वाहिनियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। गंभीर अनियमितता वाली 9 बाल वाहिनियों को जप्त किया गया। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाली बाल वाहिनियों की सूचना संबंधित संस्था प्रबंधकों को पत्र लिख कर अवगत करवाया जा रहा है ताकि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित हो सके।

## चार हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** एसीबी झालावाड़ चौकी द्वारा चारागाह भूमि पर खेती का जुर्माना चालू करवाने के नाम पर किसान से चार हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी को अरेस्ट किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की झालावाड़ चौकी को परिवादी द्वारा 11 फरवरी को शिकायत दी कि वह पिछले 10 साल से चारागाह भूमि पर खेती करता आ रहा है, जो करीब 2.5 बीघा है, जिसका सरकार की तरफ से जुर्माना आता था।

जिसको प्रार्थी समय पर जमा करवा देता था। पिछले दो साल से जमीन का जुर्माना आना बन्द हो गया तो परिवादी पिण्डोला हल्का के पटवारी रामनिवास से मिला तो उसने जुर्माना चालू करने की एवज में पांच हजार रुपए रिश्वत मांग कर एक हजार रुपए पूर्व में प्राप्त कर लिए गए और चार हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। इस पर 11 फरवरी को रिश्वत मांग का सत्यापन करवाए जाने पर परिवादी से आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग करना प्रमाणित पाया गया। जिस पर बुधवार को एसीबी कोटा रेंज कोटा के उप महानिरीक्षक पुलिस शिवराज मीना के सुपरविजन में एसीबी झालावाड़ चौकी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगराम मीना ने आरोपी पटवारी रामनिवास बैरवा को चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है।

## किराए पर कार लेकर दो बदमाश फरार, कार का जीपीएस भी करवाया बंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सिंधी कैम्प थाना इलाके में किराए पर कार बुक करवा कर बदमाश उसे लेकर फरार हो गए। बदमाशों ने कार का जीपीएस भी बंद करवा दिया और साथ ही अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। पुलिस के अनुसार कोटपुतली निवासी वेद प्रकाश यादव ने मामला दर्ज करवाया कि वह ट्रेवल्स कंपनी चलाता है। आकाश और अंकुश ने 8 हजार रुपए में दो दिन के लिए ऑनलाइन कार बुक करवाई। बदमाश कार लेकर चले गए। आरोपी अब उसकी कार नहीं लौटा रहा है। इसके बाद आरोपियों ने कार का जीपीएस बंद कर दिया। आरोपियों ने अपना मोबाइल भी बंद कर लिया। इस पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक्सिस बैंक ने कुंभ मेले में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए उठाए अनेक नए कदम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/नेशनल ।** देश में निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और बेहतर सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए अनेक नए कदम उठाए हैं। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक की भव्यता और महत्व को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने ग्राउंड असिस्टेंस, वित्तीय पहुंच और डिजिटल जागरूकता कार्यक्रमों का समावेश किया है, जिससे श्रद्धालुओं को भौतिक और डिजिटल दोनों क्षेत्रों में सुविधा मिलेगी।

बैंक पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर तीर्थयात्रियों की भलाई, डिजिटल सुरक्षा और स्थायी समाधान को प्राथमिकता देने के लिए सेवा-संचालित पहलों की एक श्रृंखला की पेशकश कर रहा है।

### साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**SanskritPassword.com:** साइबर हमलों की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए, एक्सिस बैंक ने संस्कृत भाषा की जटिलता का उपयोग कर सुरक्षित पासवर्ड बनाने के लिए यह प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इस तरह साइबर हमलों से बचना आसान होगा। कुंभ मेले में त्क्र कोड-सक्षम कीचेन वितरित किए जा रहे हैं, जो सीधे वेबसाइट से जुड़ेंगे और सुरक्षित पासवर्ड निर्माण को सरल बनाएंगे। यह पहल 25 दिनों तक एक्सिस बैंक की शाखाओं और विशेष कियोस्क में चलेगी और इस दौरान लोगों को साइबर हमलों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक्सिस बैंक ने बैंकिंग सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक अभिनव उपकरण देवनागरीपिन डॉट कॉम पेश किया है। यह उपकरण उपयोगकर्ताओं को देवनागरी लिपि का उपयोग करके सार्थक शब्दों को संख्यात्मक कोड में परिवर्तित करके व्यक्तिगत और सुरक्षित पिन बनाने की अनुमति देता है।

**ऑन-ग्राउंड सहायता- एक्सिस बैंक शाखाओं में हेल्प डेस्क :** अपने जमीनी समर्थन को और मजबूत करते हुए, एक्सिस बैंक ने प्रयागराज में अपनी 11 शाखाओं में समर्पित हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। ये डेस्क तीर्थयात्रियों के लिए एक प्रमुख संसाधन के रूप में काम करते हैं, जो मेले के भीतर नेविगेशन पर मार्गदर्शन, मुद्रा विनिमय सहित वित्तीय सहायता और उनके समग्र अनुभव को बढ़ाने के लिए सामान्य जानकारी प्रदान करते हैं।

**मोबाइल एटीएम वैन और क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीनों की स्थापना :** एक्सिस बैंक ने मेला क्षेत्र में मोबाइल एटीएम वैन तैनात की है, जिससे नकदी निकासी, मुद्रा विनिमय और सिक्का वितरण में आसानी होगी। बैंक के करेंसी चेस्ट से सीधे संचालित होने वाली यह पहल भक्तों के लिए निर्बाध वित्तीय पहुँच सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त, मेले में स्स्टेनेबल प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, एक्सिस बैंक ने नगर निगम प्रयागराज के साथ भागीदारी की है, ताकि अधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में चार क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीनें लगाई जा सकें, जिससे भक्तों को आवश्यक सामान ले जाने के लिए पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

## श्री महावीर जी में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का अष्टम दिवस : भक्तिभाव से गूंजा मंदिर प्रांगण

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** श्री महावीर जी, बुधवार को श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के अष्टम दिवस का शुभारंभ भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुआ। श्रद्धालु प्रातः से ही मंदिर परिसर में एकत्र होकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं। पूरा वातावरण भक्तिमय ध्वनियों, मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से गूंज उठा।भगवान जिनेंद्र का अभिषेक और अष्टद्रव्य पूजनसुबह7-30 बजे श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से श्री जिनेंद्र भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न की। इसके पश्चात, आर्यिका दीक्षाश्री माताजी के सानिध्य में पंडित मुकेश जैन शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ अष्टद्रव्य पूजन विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस पूजन में जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप एवं फल अर्पित कर प्रभु जिनेंद्र की आराधना की गई ।

**महावीर प्रभु की भक्ति में झूमे श्रद्धालु :** संध्या को महाआरती एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गए। दीपों की जगमगाहट के बीच मंदिर प्रांगण भक्ति रस में डूब गया। भजन गायक पलक जैन और दीपेश भैया ने अपनी सुमधुर आवाज़ में भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। सौधर्म इन्द्र इंद्राणी दिनेश कुमार जैन, निर्मला जैन ने 卐हे प्रभु महावीर, तुमको मेरा बारंबार नमन...卐 भजन गाकर प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। प्रफुल्ल जैन, प्रतीक्षा जैन ने 卐तेरी भक्ति में खो जाऊं, ओ महावीर प्रभु...卐 भजन प्रस्तुत किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

हिना जैन, मीनाक्षी जैन, दिविषा जैन ने वीर की महिमा गाएंगे, जिन शासन की जोत जलाएंगे... प्रभु की भक्ति की। चंदनबाला महिला मंडल द्वारा गाए गए सामूहिक भजनों ने भक्तिमय माहौल बना दिया।



**श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ :** धार्मिक उत्साह चरम परविधान के अष्टम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ दूरदराज से आए भक्तजनों ने भी इस पावन अनुष्ठान में भाग लिया और धर्मलाभ अर्जित किया। इस धार्मिक आयोजन में आयोजनकर्ता एवं सौधर्म इन्द्र इंद्राणी दिनेश कुमार जैन, निर्मला जैन, चंद्रेश कुमार जैन, सुनीता जैन, गिन्नो देवी जैन, ललिता जैन, विनोद जैन (जयपुर), प्रफुल्ल जैन, प्रतीक्षा जैन, बेबी जैन, रमेश चंद जैन, सरिता जैन, राकेश जैन, डॉली जैन, महेंद्र जैन, सरला जैन, हेमलता जैन, कविता जैन, अशोक जैन, प्रदीप जैन, नीता जैन, संगीता जैन, संजय जैन, सीमा जैन, राजेश जैन, हिना जैन, मीनाक्षी जैन, दिविषा जैन एवं स्थानीय चंदनबाला महिला मंडल के सदस्यों के साथ-साथ बाहर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

## आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. शौकत अली ने यूनानी और आयुर्वेद के विकास पर दिया जोर




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** आल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शौकत अली ने अपने उद्बोधन में कहा कि हकीम अजमल खान ने यूनानी और आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली के विकास और प्रगति के लिए एक मिशन चलाया, जिसे 'आल इंडिया यूनानी तिब्बी कॉन्फ्रेस' नाम दिया गया। इसकी स्थापना और पंजीकरण 1906 में किया गया, जिसके तत्वावधान में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति को वैज्ञानिक चिकित्सा प्रणाली के रूप में ब्रिटिश शासनकाल में मान्यता दिलवाई गई। कार्यक्रम में डॉ. मकबूल अहमद का विशेष रूप से उल्लेख किया गया, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा के प्रचार-प्रसार और शोध के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। उनके अथक प्रयासों के कारण यूनानी चिकित्सा प्रणाली को आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली में बेहतर स्थान मिल रहा है। उनके योगदान की सराहना करते हुए, आयोजकों ने उन्हें यूनानी चिकित्सा जगत की मजबूत कड़ी बताया। इसके अलावा, डॉ. फरहत चौधरी और डॉ. आफताब नक़वी के सक्रिय सहयोग और समर्पण की भी सराहना की गई। डॉ. आफताब नक़वी ने कार्यक्रम का प्रभावी संचालन किया और यूनानी चिकित्सा को जन-जन तक पहुँचाने में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य है व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने यूनानी चिकित्सा प्रणाली के उत्थान और जागरूकता पर अपने विचार साझा किए।

## माघ पूर्णिमाबेंदील के मंत्रोच्चारण के साथ होली के डांडा का विधिवत पूजन और रोपण किया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर होली के रंगारंग उत्सव की शुरुआत हो गई है। शहर के चौबे पाड़ा में सुबह 10 बजे के शुभ मुहूर्त में पंडित सत्यप्रिय बेंदील के मंत्रोच्चारण के साथ होली के डांडा का विधिवत पूजन और रोपण किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र की 400 वर्ष पुरानी परंपरा को जीवंत रखते हुए पारंपरिक ठड्डा गायन प्रस्तुत किया गया।

समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर डांडे पर रोली-तिलक लगाया और जयकारों के साथ इसका रोपण किया। राम राम पंचन कू सहित विभिन्न पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।शहर में कुल 6 स्थानों पर यह प्राचीन परंपरा निभाई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग लिया। होली गीतों और भजनों के साथ माघ माह की विदाई और फाल्गुन माह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विजेंद्र बेनीवाल, दीपक चतुर्वेदी, महेंद्र शर्मा, कल्ला गुर्जर, पुरषोत्तम जांगिड़, रूपन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आने वाले दिनों में क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव की भी शुरुआत होगी।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर जयपुर में होगी भव्य भगवा रैली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी को जयपुर में एक भव्य भगवा रैली का आयोजन किया जाएगा। यह ऐतिहासिक रैली शिवाजी महाराज के शौर्य और उनके हिंदवी स्वराज के सपने को साकार करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारत क्रांति मिशन के विलासराव भाऊ पंगारकर, विजय काकडे पाटिल, सुशील जाधव, शशांक शर्मा,कीर्ति राठौर दी। इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मंत्री एवं जनसेवक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह आयोजन वीर मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के बलिदान, रणनीतिक कुशलता



और राष्ट्रप्रेम को सम्मान देने हेतु किया जा रहा है।

**शिवाजी महाराज की मूर्ति निकलेगी रथ पर सवार :** इस आयोजन का सबसे विशेष आकर्षण शिवाजी महाराज की भव्य मूर्ति, जो रथ पर सवार होकर जयपुर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी। इस दौरान सड़कों पर केसरिया ध्वज लहराएंगे और जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी जयघोष से वातावरण गूंज उठेगा।

**गौरवशाली व्यक्तियों का होगा सम्मान :** कार्यक्रम में समाज के उन प्रबुद्ध नागरिकों, जनसेवकों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में योगदान दिया है। यह सम्मान उनके प्रयासों को सराहने और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से दिया जा रहा है।

**शहर में दिखेगा भगवा उत्सव का माहौल :** भगवा रैली के दौरान संपूर्ण जयपुर शहर केसरिया रंग में रंगा नजर आएगा। ऐतिहासिक धरोहरों, चौकों और प्रमुख मार्गों को भगवा ध्वजों और रोशनी से सजाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वीर रस के कवि सम्मेलनों और शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से शिवाजी महाराज के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने का संकल्प लिया जाएगा। जयपुर वासियों से अपील की गई है कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और अधिक से अधिक संख्या में भगवा रैली में भाग लें।

## चाकसू में हुआ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

### जिला कलक्टर के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी जी के निर्देशन सक्षम जयपुर अभियान के तहत चाकसू के नगर पालिका के सभागार में नागरिक सुरक्षा जयपुर की डीक्यूआरटी टीम द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा जयपुर के उप नियंत्रक अमित शर्मा ने बताया कि इस ऑन स्पॉट प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपातकालीन बचाव के तरीके प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन के साथ-साथ कुआं , बोरवेल इत्यादि कैसे सुरक्षित रखें और अपनी जान जोखिम में ना डालते हुए कैसे दूसरों की मदद कर सके और किस तरीके से आपदा न्यूनीकरण किया जा सके इसके संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रेस्क्यू टीम से अनुदेशक श्री असरार अहमद, श्री भीम मीणा कार्यशाला में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के तौर तरीकों एवं बचाव उपायों की बारीकियों से रूबरू करवाया।

# टोल वसूली के खिलाफ उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

## सात दिनों में कार्यवाही नही होने पर दी नगर बंद कर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार क्षेत्र के दो टोल नाके रोझाना व तलावली टोल पर चंद दूरी बावजूद टोल वसूली करने के खिलाफ व्यापार संघ ,नगर हित समिति चौमहला व टैक्सी यूनियन कल्याण समिति सम्पूर्ण भारत,टेक्सी यूनियन संघ चौमहला गंगधार, कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने आइस फैक्ट्री मैदान से जन आक्रोश रैली निकाल कर स्थानीय लोगों का टोल माफ करने को लेकर मुख्यमंत्री ,जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा साथ ही 7 दिवस में समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में लिखा कि चौमहला के 7 से 8 किमी दूरी पर तलावली, रोझाना में टोल प्लाजा स्थित है,चौमहला गंगधार से 15 किमी दूर विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ नागेश्वर पार्श्वनाथ स्थित है ,यहां आए दिन धार्मिक कार्यक्रम होते रहते है वहीं आस्था का बड़ा केंद्र होने के कारण गंगधार चौमहला कस्बे क्षेत्र वासियों का आना जाना बना रहता है इस मार्ग पर 7 किमी दूरी पर तलावली में टोल नाका स्थित है। चौमहला गंगधार से उन्हेल नागेश्वर स्थित नागेश्वर पार्श्वनाथ के दर्शन कर वापिस आते है तो उन्हें 15 किमी की दूरी पर 50 रु टोल के देने पड रहे है इसी तरह चौमहला डग मार्ग पर रोझाना के समीप 8 किमी दूरी पर टोल नाका स्थित है,चौमहला से किसी को रोजाना जाकर वापस आना हो तो उसे 85 रु का टोल देना पड़ता है। वही उन्हेल वाले लोगों को अगर डग क्यासरा महादेव जाना होगा तो उसे आने जाने मात्र में 210 रुपए का टोल देना है। वही चौमहला क्षेत्र के लोगों को कायावरणेश्वर महादेव आने जाने में 100 से 125 रूपये मात्र 33 किलोमीटर की दूरी व मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर 85 रुपए भुगतान करने पड़ रहे। सभी संगठनों ने ज्ञापन में मांग की स्थानीय वाहन चालकों को आई डी के आधार पर टोल मुक्त किया जावे यदि 7 दिन में दोनों टोल स्थानीय लोगों के लिए मुक्त नहीं किए गए तो चौमहला गंगधार कस्बा बंद रख आंदोलन किया जाएगा।

# 7 फरवरी को चौमहला बार अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के साथ हुई मारपीट को लेकर सौपा ज्ञापन, न्यायिक कार्य का भी किया बहिष्कार



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले की चौमहला बार एसोसिएशन ने बुधवार को गंगधार वृताधिकारी जय प्रकाश अटल के खिलाफ आरोप लगता हुए निंदा प्रस्ताव लेते हुए मुख्यमंत्री के नाम गंगधार एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया कि 7 फरवरी को चौमहला बार अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट के मामले को पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। और जब चौमहला बार का एक प्रतिनिधि मंडल इस पूरे मामले में गंगधार डीएसपी से मिलने गए तो आरोप लगाया की डीएसपी जय प्रकाश अटल का व्यवहार भी पूर्वाग्रहों से पीड़ित व अधिवक्ता से द्वेषता रखने वाला दिखा। बार एसोसिएशन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि वृताधिकारी द्वारा प्रतिनिधि मंडल को कार्यवाही का आश्वासन देने की बजाए पीड़ित अधिवक्ताओं पर ही आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए पुलिस के खिलाफ परिवाद दर्ज करने से कार्यवाही में देरी होने की बात कह डाली। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में रोष फैल गया।

# दुगारी में लम्बे समय बाद गिरफ्तार किया स्मैक कारोबारी

## 4.69 ग्रांम स्मैक मय पोलीथीन किया जप्त,करवर थानाधिकारी करेगें जॉच

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नैनवां पुलिस टीम ने 4.69 ग्रांम स्मैक मय पोलीथीन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देश पर अवैध कार्यो की चैकिंग के दौरान मुखबीर से सुचना मिली कि दुगारी पालेश्वर महादेव की पाल पर एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है,जो अवैध मादक पदार्थ से जुड़ा हुआ है। सुचना पर पुलिस टीम पर मौके पर पहुॅची जहां उनको एक संदिग्ध व्यक्ति मिला। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास 4.69 ग्रांम स्मैक मय पोलीथन के साथ जप्त किया गया। आरोपी से पुछताछ के दौरान उसने अपना नाम शोजी लाल पुत्र जयलाल गुर्जर निवासी दुगारी का होना बताया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया। प्रकरण में अनुसंधान के लिए करवर थानाधिकारी को नियुक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,कांस्टेबल रामेश्वर ,कमलेश,राजेश,बल्लो सिंह एंव आरिफ मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला में बुधवार को लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय व बाला जी आई केयर के सयुक्त तत्वधान में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 150 मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा 40 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया गया। बुधवार को लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय व बाला जी आई केयर के सयुक्त तत्वधान में नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का शुभारंभ व्यापार महासंघ संयोजक दिलीप जैन ने किया इस अवसर पर खाद्य किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया,समाजसेवी ज्ञानचंद जैन मौजूद रहे।

# अतिक्रमण की आड़ में सत्ता एवं प्रशासन द्वारा की जा रही बर्बरतापूर्ण कार्रवाई से आम जनता में भारी रोष

## नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल सहित कांग्रेसजन पहुंचे जिला चिकित्सालय एवं प्रशासन द्वारा चलाई जा रही अतिक्रमण की कार्यवाही को लेकर जताई नाराजगी

### प्रशासन के रवैये से ठेला व्यवसाई हुए आहत, एक ठेला व्यवसाई ने खाया जहर

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( प्रकास खत्री )।** गत दिनों से प्रशासन एवं निंबाहेड़ा नगर पालिका द्वारा नगर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ठेला व्यवसाईयों का शोषण किया जा रहा है। प्रशासन एवं नगर पालिका के बर्बरतापूर्ण रवैये से परेशान होकर आज बुधवार को एक ठेला व्यवसाई देवीलाल तेली ने ज़हर खा लिया जिसको दूसरे ठेला व्यवसायियों द्वारा तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जिन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद उदयपुर रेफर किया गया।

यह समाचार सुनते ही नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ जिला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष एवं निवर्तमान पार्षद मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, पार्षद रोमी पोरवाल, पूर्व





पार्षद शोभाराम जाट, रमेशचन्द्र तेली, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिग्वेंद्रसिंह जादौन , पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धीरज नगरिया, नितेश आंजना, विकास धाकड़, संजय उपाध्याय, आशुतोष टांक सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन जिला चिकित्सालय पहुंचे। राईवाल सहित कांग्रेसजनों ने ठेला व्यवसाई का ईलाज कर रहे चिकित्सकों से तेली के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की तथा ठेला व्यवसाई के परिजन और ठेला व्यवसाईयों से मिले। ठेला व्यवसाईयों से मिलने के पश्चात नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल ने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के नाम पर छोटे एवं गरीब तबके के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है जो स्वीकार्योक्त नहीं है। जैसा की विदित है कि पूर्व में भी कांग्रेस शासित नगरपालिका बोर्ड द्वारा ठेला व्यवसाईयों से आपसी समझाइश कर उनकी संतुष्टि के साथ बस स्टैंड परिसर में एक प्लेटफॉर्म का निर्माण कराया गया था जिसमें ठेला व्यवसाई अपना व्यापार कर रहे थे परंतु सत्ता परिवर्तन के पश्चात् वर्तमान सत्ताधारियों ने ठेला व्यवसाईयों को उकसाकर पुनः अतिक्रमण करने को मजबूर किया और आज उन्हीं लोगों के द्वारा इनका अपमानजनक तरीके से दमन किया जा रहा है जो की निंदनीय है। यदि समय रहते ठेला व्यवसाईयों पर किए जा रहे दमनकारी अत्याचारों को नहीं रोका गया तो भविष्य में ओर भी गम्भीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई के नाम पर आर्थिक रूप से निचले एवं गरीब तबके पर की जा रही बर्बरतापूर्ण एवं अपमानजनक कार्रवाई को तुरंत रोका जाए, यदि ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी ठेला व्यवसाईयों पर किए जा रहे अत्याचारों के विरुद्ध बड़ा आंदोलन करेगी।

# आयुर्वेद विभाग की उपनिदेशक डॉ. पारीक ने किया औचक निरीक्षण




बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह ) ।** आयुर्वेद विभाग की बूंदी उपनिदेशक डॉ. मालती पारीक ने बुधवार को जजावर सहित गोठड़ा एवं सीसोला आयुर्वेद अस्पताल का औचक निरीक्षण कर दो अस्पतालों मे चल रहे निर्माण कार्यो का अवलोकन कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपनिदेशक डॉ. पारीक सबसे पहले गोठड़ा अस्पताल पहुंची जहां उन्होने अस्पताल की साफ सफाई रोगी रजिस्टर स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर दवाओ की उपलब्धता का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. दिनेश वर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद मे उन्होने इस अस्पताल मे आयुष विभाग के माध्यम से चल रहे रिनोवेशन के कार्य का भी अवलोकन किया एवं कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवेंदक को निर्देश देते हुए पाबंद किया। इसके बाद डॉ. पारीक ने जजावर अस्पताल की व्यवस्थाओं की जांच की एवं संतोष जताया । इस दौरान चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. दीपक मीणा ने उप निदेशक को अस्पताल भवन की कमजोर हालत एवं सुरक्षा की दृष्टि से नवीन भवन की आवश्यकता जताई जिस पर जजावर आयुर्वेद अस्पताल के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए विभागीय स्तर पर हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया । बाद मे ड़ा पारीक ने सीसोला आयुर्वेद अस्पताल का भी निरीक्षण कर वहां चल रहे रिनोवेशन के कार्य का अवलोकन कर प्रगति की जानकारी ली एवं अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक ड़ा नरेंद्र पांचाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# नैनवां पालिका में मिलाये जाने का विरोध 6वे दिन भी जारी रहा, ग्रांमीणो का क्रमिक धरना



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, ( टी.आर सैनी )।** नैनवां पालिका क्षेत्र में मिलाये गये गांव के आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर बुधवार को खानपुरा एंव टोपा गांव के लोगो का क्रमिक धरना छठवे दिन भी जारी रहा। बुधवार को सीताराम सैनी खानपुरा,भाजपा नेता दीक्षांत सोनी, पप्पू लाल सैनी,रामकरण गुर्जर, भीमराज मीणा, आशाराम नागर मानपुरा, किशोर माली, कमलेश सैनी, बद्री लाल चोपदार, दयाराम सैनी, नरेश सैनी, मूलचंद, जगदीश सैनी सहित ग्रामीण धरने पर रहे। धरने के बाद सभी ने नारेबाजी करते हुए उपखण्ड कार्यालय पर अपनी मांगो को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन दिया गया। दूसरी ओर रजलावता के ग्रांमीणजन भी धरने पर बैठे उन्होने भी उपखण्ड कार्यालय पर ज्ञापन देकर उनके गांव को नगरीय सीमा क्षेत्र से बहार किया जाने की मांग की गई।

ज्ञापन के दौरान सरपंच रामस्वरूप बिल्डर, रमेश उपसरपंच ,महेंद्र गुर्जर ,महेंद्र सैनी, रामदेव गुर्जर,हीरालाल सैनी,हरगोविंद सैनी मोहनलाल सैनी, अशोक गुर्जर, देवीलाल गुर्जर, सोहनलाल , विनोद नेता, मुकेश बैरवा,तेजमल बेरवा, कैलाश बेरवा, पोखर लाल गुर्जर, मुकेश नगर,महावीर नगर, महावीर नायक, विनोद गुर्जर कृष्ण नगर,दिनेश पंडित, बंटी सेन मौजूद रहे।

# एनटीपीसी अंता द्वारा 2 दिवसीय ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित, बालदड़ा स्कूल ने 16 पदक जीते

बढ़ता राजस्थान



**अंता ( शफीक मंसूरी )।** एनटीपीसी अंता की ओर से 2 दिवसीय ग्रामीण विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता एनटीपीसी के अंबेडकर मैदान में आयोजित हुई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारां जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी रहे,अध्यक्षता एनटीपीसी के मुख्य प्रबंधक ने की।दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बहुत ही शानदार हुई,जिसमे लगभग 23 स्कूलों की टीमों ने कबड्डी और एथलेटिक प्रतियोगिता में भाग लिया।स्थानीय विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण आर्य ने बताया कि कबड्डी सीनियर वर्ग छात्रा में बालदडा स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जूनियर छात्रा कबड्डी में बालदड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके साथ ही एथलेटिक में छात्र तानसिंह ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय, छात्रा आशीबा ने 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया,रिले दौड़ 4म100 मीटर में सीनियर वर्ग छात्रा में इरम गोरी,शाहीन परवीन,अलीशा,साहिबा ने द्वितीय स्थान,जूनियर वर्ग छात्रा में मुस्कान,अलीशा,आशिबा,बुलबुल ने द्वितीय स्थान, छात्र वर्ग सीनियर में तानसिंह,हसनैन गौरी,दुर्गाशंकर मालव,केशव पांचाल ने भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कुल16 मेडल बालदड़ा स्कूल ने अपने नाम किये। टीम कोच लक्ष्मण आर्य,टीम प्रभारी प्रमिला मालव,मोहम्मद शरीफ,कृष्ण कुमार शर्मा ने 2 दिन तक सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुवीर प्रसाद शर्मा और स्टाफ ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच मोहम्मद शरीफ खान ने टीम कोच,सभी प्रभारीयों को बधाई देते हुए कहा कि बालदड़ा ग्राम का नाम खेल के क्षेत्र में रोशन किया है।सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि जो खिलाड़ी या टीम जीतकर आई है उसके लिये खेल मैदान,खेल सामग्री,किट आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही जो खिलाड़ी आगे बढ़ना चाहते है उनके लिए ग्राम पंचायत हर संभव सहायता देगी ताकि खिलाड़ी नेशनल लेवल पर पहुंचकर गांव का नाम खेल क्षेत्र में आगे बढ़ाए।सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी।

# नैनवां पालिका बोर्ड बैठक में 43 करोड़ 11 लाख का बजट किया पारित पार्षदो ने उठाया मामला, निलम्बित चैयरमैन के खिलाफ करो कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बुधवार को पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष श्रीमती सरिता नागर की अध्यक्षता में बोर्ड़ की बैठक निर्धारित समय 11 बजे के साथ शुरू हुई। बोर्ड़ बैठक की शुरूआत करते हुए अधिशाषी अधिकारी मोती शंकर नागर ने तय एजेण्डे के बिन्दूओ पर विचार विमर्श किया जाने के लिए कहा गया लेकिन बोर्ड़ बैठक में मौजूद पार्षदगणो ने पालिका में प्रमुख मुद्दो पर बात कहना शुरू किया। पार्षद रजनीश कुमार शर्मा, दिलखुश पोटर,ओमप्रकाश गुर्जर सहित अन्य पार्षदो ने कहा कि फर्जी पट्टे प्रकरण की जॉच उपरान्त डीएलवी द्वारा कांग्रेस बोर्ड़ की चैयरमैन प्रेमबाई को निलबंन किया गया। ऐसे में पार्षदों ने नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष प्रेम बाई के समय जारी फर्जी पट्टा प्रकरण में निलंबन किये जाने के पश्चात इनके कब्जे के भूखंड से अतिक्रमण हटाना व इनके विरुद्ध न्यायिक कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। पार्षद ओम प्रकाश गुर्जर ने ऐसे कर्मचारी जिनका स्थानांतरण अन्यत्र नगर पालिका हो चुका है, उनको तुरंत प्रभाव से कार्य मुक्त किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। पार्षद दिलखुश पोटर,नबील अंसारी,अमृतराज मीणा ने संवेदकों द्वारा उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य न करने पर ब्लैक लिस्ट किए जाने की कार्रवाई किए जाने की मांग रखी गई। पार्षद ओम प्रकाश गुर्जर ने कहा कि पिछले कांग्रेस के बोर्ड़ में जमकर भष्ट्राचार हुआ। लाईटे,स्वच्छता सहित सभी क्षेत्र में पालिका में कार्यरत संवेदको ने अधिकारियो से मिलिभगत करके भष्ट्राचार किया गया ऐसे में जॉच कमेटी बनाई जाना चाहिए जिसमें पक्ष एंव विपक्ष के पार्षदो को भी शामिल किया जाना चाहिए। पार्षद सलीम मोहम्मद ने चतुश्रेणी कर्मचारी को सफाई निरीक्षक बनाये जाने पर नाराजगी प्रकट की गई इस पर सभी पार्षदगणो ने एलडीसी लेवल के कर्मचारी को सफाई निरीक्षक बनाये जाने का प्रस्ताव लिया गया। पार्षद वीणा पाण्ड्य ने सुनारो की नाड़ी में सौ गुणा सौ के प्लाट पर कुछ दबंग अतिक्रमी द्वारा तार फेंसिंग करके अतिक्रमण किया जाने का मामला उठाया। ई.ओ ने मौके पर अतिक्रमण प्रभारी को बैठक में बुला कर अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिये गये।

## 43 करोड़ 11 लाख का पारित किया बजट

जनसमस्याओ के बाद बोर्ड़ बैठक में वितिय वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ 11 लाख बजट सदन में रखा गया जिसको सभी पार्षदो ने सर्वसहमति से पारित किया गया। ई.ओ द्वारा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य तालाब का सौंदर्य करण, स्ट्रीट लाइट, चैराहा का सौंदर्य करण, नाला नाली सड़क इत्यादि, बस स्टैंड विकास कार्य, उद्यान विकास कार्य मेला ग्राउंड विकास कार्य इत्यादि के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा घोषणा अनुसार 10 करोड़ के प्रस्ताव पारित कराए गए एवं प्रत्येक वार्ड में कार्य हेतु 5 करोड़ 24 लाख रुपए का प्रस्ताव रखा गया। जिसको भी बोर्ड़ बैठक में सर्वसहमती से पारित किया गया।

# भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी का नवाचार-'विधायक आपके वार्ड' अभियान की शुरुआत, हर वार्ड में बैठक कर सुनेंगे जन समस्या

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर विधायक अशोक कोठारी निरंतर जनता से कार्यालय पर जनसुनवाई करते हुए नजर आ रहे है। तो कभी जनसंवाद तो कभी नए-नए नवाचार करके जनता की समस्या का समाधान कर रहे है। विधायक द्वारा एक नवाचार का शुभारंभ आज वार्ड नम्बर 59 में बैठक कर, विधायक आपके वार्ड का किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, विधानसभा क्षेत्र की जन समस्या का समाधान करने के लिए एक नया नवाचार किया है। इस अभियान का नाम विधायक आपके वार्ड है। निरंतर हर वार्ड के लोगो के साथ बैठक कर समस्या सुनेंगे ओर अतिशीघ्र समस्या का समाधान करवाएंगे। विधायक आपके वार्ड अभियान के तहत प्रदेश व केंद्र सरकार की जनहित योजना की उपलब्धियां गिनाते हुए जनता की समस्याएं सुनी। कोठारी ने युवाओं से नवाचार को बढ़ावा देने तथा नए शोध करने का आग्रह किया। वार्ड संख्या 59 में बैठक कर आमजन की समस्या सुनी, विधायक कोठारी ने जनता के हर विषयों को पूरा सुना, समझा व विधायक स्तर के सभी कार्य यूआईटी व विधायक कोष के माध्यम से करवाने का भरोसा दिलाया, साथ ही नगर निगम कार्य हेतु, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली को जिम्मेदारी दी, निगम के कार्य निगम द्वारा करवाकर जनता को शीघ्र राहत प्रदान करें। इस दौरान विधायक के साथ आनंद चपलोत, शम्भू वैष्णव, बाबूलाल टाक, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमल कोठारी के साथ ही वार्ड के कैलाश गग्गड, देवीलाल माली, कन्हैयालाल तेली, राकेश कसारा, सुरेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि दौलत माली सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व वार्डवासी उपस्थित थे।


# 50 लाख रुपए की लागत पर लगा हुआ म्यूजिकल फाउंटेन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है

## देवली पालिका ने 3 वर्ष पहले करवाया था इसका निर्माण

**मामला यह भी सामने है कि प्रति वर्ष इसके वाटर टैंक में अलग से सात लाख रु. का पानी भी खरीद कर डलवाया गया है**

बढ़ता राजस्थान





**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )**। 3 वर्ष पहले नगर पालिका प्रशासन ने शहर के अटल उद्यान में जिस म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण कार्य 50 लाख रुपए की लागत पर करवाया था। वही संगीत मय म्यूजिकल फाउंटेन आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां देखने वाली बात तो यह है कि 50 लाख रुपए की लागत जैसे बड़े खर्च पर 3 वर्ष पहले मात्र 15 सौ स्क्वायर फीट की भूमि पर पालिका ने इसी म्यूजिकल फाउंटेन यानी के संगीत मय फुव्वारा अटल उद्यान में लगवाया गया है। ऐसे में अगर इसी कार्य को किसी अन्य सरकारी एजेंसी द्वारा करवाया जाता तो शायद इस कार्य पर अधिक से अधिक ही 10 से 15 लाख रुपए तक का खर्च हो पाता यह यह मानना कार्य से संबंधित कई ठेकेदारों का है । लेकिन यहां सरकारी धन को चुना लगाने की नीयत से या यह कहे कि भ्रष्टाचार की योजना पर उक्त म्यूजिकल फाउंटेन (संगीत मय फुव्वारा) के निर्माण हेतु पालिका ने 7 दिसंबर 2021 को 49 लाख 67 हजार रुपया खर्च करने की योजना बनाकर इस म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण करवा दिया था । जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां देखने वाली बात तो यह भी सामने आई है कि इस म्यूजिकल फाउंटेन को चलने लिए लगभग प्रतिवर्ष 7 से 8 रुपए का पानी अलग से खरीद कर इसके वॉटर टैंक में डलवाया जाता रहा है । यह जानकारी भी जरिए ई निविदा दस्तावेजों से प्राप्त हुई है। ऐसे हालातो पर बने इस मामले में यह कहना भी मुश्किल नहीं होगा कि 50 लाख रुपए जैसे बड़े खर्चे पर पालिका के अधिकारियों ने घटिया किस्म का म्यूजिकल फाउंटेन लगाकर कहीं ना कहीं उक्त दौरान सरकारी धन को चूना लगाने की योजना बनाई होगी। शायद इसी कारण 50 लाख की लागत पर लगा हुआ म्यूजिक फाउंटेन आज बंद पड़ा हुआ है । तो वहीं कई दिनों से इसका वॉटर टैंक भी बिना पानी के सूखा पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में शहर के कई लोगों का मानना है कि पालिका ने उक्त दौरान सरकारी कोष में रखे धन का बड़ा दुरुपयोग किया है। ऐसे में उक्त म्युजिकल फाउंटेन (संगीत मय फवारा) के करवाए गए निर्माण कार्य में भी भ्रष्टाचार की बू आ रही है।

# बस पलटी, 10 साल के बच्चे का हाथ कटा

## ब्रेक फेल होने से हादसा, महाकुंभ से लौट रहे थे राजस्थान के श्रद्धालु; 28 घायल

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। महाकुंभ प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस ब्रेक फेल होने के कारण पलट गई। बस सवार 10 साल के बच्चे का दाहिना हाथ कट गया, जबकि 27 अन्य श्रद्धालु घायल हैं। हालत नाजुक होने पर 2 बच्चों को राजसमंद रेफर किया गया है। दुर्घटना पाली के देसूरी में मंगलवार रात करीब 12 बजे हुई।देसूरी की नाल, पंजाब मोड़ पर हादसे की सूचना मिलते ही चारभुजा (राजसमंद) थानाधिकारी प्रीति रतनू मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया। एक दर्जन से ज्यादा घायलों को देसूरी (पाली) हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों को चारभुजा के हॉस्पिटल में पहुंचाया गया है।

### गहरी नींद में थे सभी यात्री

थानाधिकारी प्रीति रतनू ने बताया- बस में सवार सभी 46 यात्री पैतृक गांव पाली के कोसेलाव गांव जा रहे थे। वर्तमान में सभी गुजरात के अहमदाबाद (गुजरात) में रहते हैं। यहां इनका कारोबार है। हादसे के समय सभी यात्री गहरी नींद में थे। बस के अचानक पलटने से किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला। यह हादसा श्रद्धालुओं के गांव (कोसेलाव) से 40 किलोमीटर पहले हुआ। इस क्षेत्र में पहले भी कई बड़े सड़क हादसे हो चुके हैं। सभी यात्री प्रयागराज से लौटकर सांवलिया सेठ के दर्शन किए थे। इसके बाद गांव लौट रहे थे। बस में सवार सभी लोग एक ही परिवार के हैं।

### हादसे से पहले बस से आ रही थी आवाज, ब्रेक नहीं लगा

बस यात्री आकाश बोराणा ने बताया- बस में लोग सो रहे थे। किसी को कुछ पता ही नहीं चला। ढलान से नीचे उतरते समय हादसा हुआ है। दो बच्चे ज्यादा घायल हुए हैं। ओम (10) पुत्र अमित कुमार का दाहिना हाथ कट गया है। घायलों को राजसमंद हॉस्पिटल ले जाया गया है। बस यात्री चंपालाल ने बताया- हम प्रयागराज के बाद सांवलिया सेठ के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। सादड़ी-राणकपुर का रास्ता संकरा था, इसलिए हमने ये रास्ता चुना। हमें लगता है कि ब्रेक फेल होने से ये हादसा हुआ है। गाड़ी आवाज कर रही थी। ड्राइवर ब्रेक मार रहा था, लेकिन ब्रेक नहीं लग रहा था। हम सब ड्राइवर से पूछ भी रहे थे क्या हुआ, हम घबरा गए थे।

### अक्सर होता है हादसा

जहां (देसूरी की नाल में पंजाब मोड़) बस पलटी है, वहां अक्सर हादसा होता है। पिछले साल 8 दिसंबर को भी यहां स्कूल की बस पलट गई थी। स्कूल के बच्चों को लेकर बस पिकनिक पर जा रही थी। हादसे में तीन छात्राओं की मौत हो गई थी। इसके बाद उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

# सरमथुरा रोड पर निर्माणाधीन नाले के बीच में खड़ा सूखा पेड़, लोगो में चर्चा, अधिकारियो का नहीं कोई ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )**। शहर के सरमथुरा रोड पर नाला निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत नगर पालिका में किए जाने के बावजूद भी कोई सुधार नहीं हो रहा। ऐसे हैं लोग नाले निर्माण के दौरान बरती जा रही लापरवाही को लेकर चर्चा कर रहे हैं। मामला नाला निर्माण के दौरान एक सूखे पेड़ को नही हटाने का है। यह सूखा पेड़ नाले निर्माण के दौरान रास्ते में अड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी ऐसे ही नाला बना था लेकिन पेड़ को नहीं हटाया गया। जिसके चलते बाद में उसे स्थान पर नाला टूट गया। अब फिर से वहीं लापरवाही बढ़ती जा रही है। शहर के कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रामबाबू कुलश्रेष्ठ ने बताया उनका घर पास में ही है। वह रोज सुबह सरमथुरा रोड पर घूमने जाते हैं। सूखा पेड़ नाले के बीच रास्ते में लगा हुआ है और नाला निर्माण कार्य बदस्तूर जारी है। जिसकी शिकायत उन्होंने नगर पालिका में की थी लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब नाला उस स्थान से बनकर आगे चला गया है लेकिन सूखा पेड़ अभी तक नहीं हटाया गया। इसमें समस्या यह है कि एक तो नाले में बहने वाले पानी का निकास बंद हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जब यह पेड़ टूटेगा या गिरेगा तो नाले को तोड़ देगा। इससे फिर वही समस्या खड़ी होगी। क्योंकि सरमथुरा रोड पर जल भराव की समस्या बरसों से बनी हुई है। जिसको लेकर लगातार लोगों की शिकायत पर अब नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने बताया कि उक्त कार्य पीडब्ल्यूडी के तहत हो रहा है। नगर पालिका का इसमें कोई लेनदेन नहीं है लेकिन जो सूखा पेड़ खड़ा है। उसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उनसे कोई अनुमति नहीं मांगी गई। अगर उनकी एप्लीकेशन आती है तो तुरंत अनुमति दी जाएगी।

# गोपाल मेहता हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संभाग आयुक्त पद पर पदोन्नत

## संगठन की गतिविधियों को नई ऊंचाइयां तक पहुंचाने पर एक वर्ष में तीन पदोन्नतियां देकर नवाजा

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। उदयपुर जिले के वल्लभनगर उपखंड के ग्राम बाठरड़ा खुर्द निवासी एवम जिले के मावली ब्लॉक के राउप्रावि गंदोली के शारीरिक शिक्षक गोपाल मेहता मेनारिया को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के संभाग आयुक्त, उदयपुर के पद पर पदोन्नत किया गया है। राजस्थान सरकार के शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवम हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य के राज्य मुख्य आयुक्त कृष्ण कुणाल एवं राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त वारंट ऑफ ओनर (नियुक्ति का सम्मान पत्र) प्रदान कर पदोन्नति प्रदान की गई। उदयपुर संभाग के डिविजनल कमिश्नर ऑफ उदयपुर डिविजन के पद पर पदोन्नति से पूर्व मेहता संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क) के पद पर कार्यरत थे । मंगलवार को हिंदुस्तान स्काउट के मदार स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर चल रहे स्काउट गाइड के एसटीसी महाविद्यालय के प्रशिक्षु अध्यापक - अध्यापिकाओं के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में राज्य सचिव नरेंद्र औदीच्य, राज्य संगठन आयुक्त रिपुदमन गिल, सहायक राज्य संगठन आयुक्त प्रदीप मेघवाल, जिला ऑर्गेनाइजेजर शांता वैष्णव व जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणावत ने ससम्मान वारंट ऑफ ओनर प्रदान किया। राज्य सचिव नरेंद्र ओदिच्य ने बताया कि मेहता की कार्य क्षमता ,कार्य कुशलता,संगठन के प्रति निष्ठा, लगन एवं समर्पण को ध्यान में रखते हुए इन्हें जिला व राज्य कार्यकारिणी की अनुशंसा पर एक वर्ष में तीन पदोन्नतियां दी गई है। राज्य संगठन आयुक्त आर डी गिल ने बताया कि गत वर्ष फरवरी में जिला मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क, मई में संभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसंपर्क)और 11 फरवरी 2025 को संभाग आयुक्त ( डिविजनल कमिश्नर) के पद पर नियुक्ति दी गई । इस पद पर मेहता की नियुक्ति 11 फरवरी से 31 दिसंबर 2026 तक के लिए की गई है। मेहता को पदोन्नति दिया जाने पर जिला अध्यक्ष गिरीश भारती ,उदयपुर संभाग सचिव मदनलाल वर्मा, संभाग मुख्यालय आयुक्त जनसंपर्क गौरी कांत शर्मा ,उदयपुर जिला उपाध्यक्ष अशोक पालीवाल, जिला सह सचिव उदय सिंह गुर्जर, जिला संयुक्त सचिव ईश्वरी, रेगर , तुलसी चड़ात, सहित संभाग कार्यकारिणी एवं उदयपुर जिला एवम ब्लॉक कार्यकारिणीयो के अनेक पदाधिकारीयो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# एक्सीडेंट में बाइक सवार देवर-भाभी सहित 3 की मौत, डेढ़ वर्ष का मासूम जिंदा बचा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )**। धौलपुर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार देवर-भाभी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, डेढ़ साल का मासूम जिंदा बच गया। परिवार बाइक से फिरोजपुर से मनियां के एक गांव में अपने रिश्तेदारों के कुंभ से लौटने पर आयोजित कार्यक्रम में जा रहे थे। हादसा बुधवार दोपहर करीब 11.45 बजे आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे-44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हुआ।

**भीषण हादसे में मासूम बचा :** मनिया थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे- 44 पर चंद्र पेट्रोल पंप के पास हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस को घटनास्थल पर बाइक सवार विकास (22) पुत्र राकेश, नत्थो (21) पत्नी सोनू और अनुष्का (8) पुत्री प्रताप निवासी फिरोजपुर मृत हालत में मिले। वहीं, डेढ़ साल का मासूम बल्लन पुत्र सोनू मौके पर सकुशल मिला। विकास अपनी भाभी नत्थो और चचेरे बहन अनुष्का को लेकर मनियां के दंडोली गांव में रिश्तेदारी में जा रहा था। मृतक नत्थो के चाचा मुकेश कुमार कुंभ में स्नान करके लौटे थे। कन्या भोजन का कार्यक्रम था। पुलिस मौके से फरार वाहन की तलाश में जुटी है।

# जिला धौलपुर के बाडी उपखंड में पड़ोसी युवक ने नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा )**। बाड़ी के कोतवाली थाना क्षेत्र में 16 साल की नाबालिग के साथ पड़ोसी युवक ने कट्टे की नोक पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना 10 फरवरी शाम की है। जिसके बाद पीड़ित बच्ची के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि नाबालिग अपनी चाची के घर से लौट रही थी। इस दौरान आरोपी युवक ने पीड़िता को रास्ते में रोका और सुनसान इलाके में ले जाकर कट्टे की नोक पर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

# पंचायतराज के चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कमर कसें : रामसहाय वर्मा

## नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय के नेतृत्व में विधायक का 51 किलो की माला से किया भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )**। नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय के नेतृत्व में भाजपा देहात मंडल के कार्यकर्ताओं ने विधायक रामसहाय वर्मा का निवाई स्थित विधायक आवास पर पहुंचकर 51 किलो की माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाए।

विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में जल्द ही किसानों को 24 घंटे बिजली की सुविधाएं प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पंचायतराज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिक से अधिक उम्मीदवार विजय हो। जिसके लिए कार्यकर्ता कमर कसें। नटवाड़ा मंडल से बद्री विजय व अरनिया मंडल से शिवराज गुर्जर को बनाया गया है। जिससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंडल नवनियुक्त अध्यक्षों का भी माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अनिल पारीक, शंकरलाल जांगिड़, आशाराम डोई, सावरा जोशी, लोकेश खादवाल, सुनील जाट, ज्ञान प्रकाश, ममता जाट व मंजू बलाई सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिजली चोरी पर विद्युत निगम का बड़ा एक्शन, 29 जगह पकड़ी चोरी, 15 लाख का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )**। धौलपुर शहर में 1800 उपभोक्ताओं पर 3 करोड़ रुपए का बकाया चल रहा है। जिनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं। विद्युत की बकाया राशि वसूलने के लिए निगम की 6 टीम लगातार कार्रवाई कर रही हैं। जिनमें से 434 उपभोक्ता के कटे हुए कनेक्शन चेक कर लिए गए हैं। निगम ने 29 जगह कनेक्शन कटे होने के बाद भी बिजली चोरी पकड़ी हैं। जिन पर 15 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया हैं। विद्युत निगम के एईएन रजत जैन ने बताया कि विद्युत की बकाया राशि वसूलने के लिए एक्सईएन नवीन चंद भंडारी को जयपुर से धौलपुर भेजा गया हैं। जिनके साथ एक्सईएन विवेक चंद शर्मा, एक्सईएन विजिलेंस माखन सिंह मीणा, जेईएन पूजा अग्रवाल, किरण कुंतल और अमर शर्मा की टीम लगातार छापा मार करवाई कर रही हैं। मार्च महीने तक होने वाली वसूली को पूरा करने के लिए 1 फरवरी से शुरू किए गए अभियान के तहत अब तक 29 जगह बिजली की चोरी पकड़ी गई हैं। एक्सईएन ने बताया कि अभी तक कटे हुए कनेक्शन धारकों की चेकिंग की जा रही हैं। जिनमें से 85 लाख रुपए की बकाया राशि के 434 कनेक्शन चेक कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्युत की चोरी करने वाले सभी लोग सर्विस लाइन में कट लगाकर चोरी करने में लगे हुए हैं। जिनकी गहनता से जांच की जा रही हैं।

# स्वामी रामचरण महाराज की जयन्ती धूमधाम से मनाई




बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )**। विजयवर्गीय समाज के तत्वावधान में स्वामी रामचरण महाराज की 305वीं जन्म जयंती मनाई गई। जयन्ती कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी रामचरण महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। रामचरण गुढ़ा ने बताया कि जयन्ती को लेकर वक्ताओं ने महाराजश्री के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनियुक्त कर्मचारियों व समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में भजन कीर्तन किया गया व महाआरती करके पंगत प्रसादी जिमाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रयाग विजयवर्गीय, सचिव गौरीशंकर भरथला, कोषाध्यक्ष शिवदयाल विजय, कैलाश सिरोही, सत्यनारायण मोदी, ओमप्रकाश विजय, बबलेश नटवाडा, सत्यनारायण सीदडा, रामनारायण गुढ़ा, ओमप्रकाश डिकोलिया, बाबूलाल गुढ़ा, गणेश भरथला, रामनरेश पीपलू, राजेशकुमार हरिपुरा, डॉ. योगेन्द्र विजय, डॉ. आनन्द विजयवर्गीय, भामाशाहा प्रेमप्रकाश अजमेरी, रमेश कलमंड, रामप्रकाश विजय, महिला मंडल अध्यक्ष रश्मि विजय सहित समाज के कई महिला पुरूष मौजूद थे।

## लंबे समय तक एक जगह बैठने वाला है आपका काम तो रोज करें ये एक्सरसाइज, बीमारियों से होगा बचाव

ऑफिस में 9 से 6 बजे तक काम करने वाले कई कर्मचारी ऐसे होते हैं, जिन्हें पूरा दिन अपने डेस्क से हिलने का भी समय नहीं मिल पाता है। देर तक एक ही स्थान पर बैठकर काम करने से कमर, गर्दन, पैरों में दर्द की समस्या हो सकती है। कई बार तो लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ सकते हैं। क्या आप भी उन्हीं में से एक हैं, जो अपने डेस्क पर लंबे समय तक बैठे रहने के बाद किसी भी तरह का दर्द महसूस करते हैं? अगर हां, तो परेशान न हो, फिटनेस एक्सपर्ट शुभ्रा सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर ऐसे ही 5 एक्सरसाइजों के बारे में बताया है। लंबे समय तक डेस्क पर बैठे रहने के खतरों में दिल से जुड़ी बीमारी, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, टाइप 2 डायबिटीज, गर्दन और कंधे में दर्द और क्रोइसैन जैसी समस्या हो सकती हैं।





### वर्ल्ड ग्रेटेस्ट स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

- यह एक्सरसाइज कूल्हों और ग्लूट्स को गतिशील बनाता है।
- टी-स्पाइन को सक्रिय करने में मदद करता है।
- हैमस्ट्रिंग और पिंडलियों को गतिशील बनाता है।

### काउच स्ट्रेच एक्सरसाइज

- ये एक्सरसाइज आपके हिप फ्लेक्सर्स को खोलने में मदद करता है।
- इसे करने से कमर और पैर के दर्द से राहत मिल सकती है।
- शरीर के निचले हिस्से की गतिशीलता को बढ़ाने में मदद करता है।

### पैसिव बार हैंग एक्सरसाइज

- ये एक्सरसाइज आपके पॉश्चर में सुधार करने में मदद करता है।
- यह एक्सरसाइझ रीढ़ की हड्डी को डिकम्प्रेस करता है।
- कंधे के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में फायदेमंद है।
- आपके हाथों के पकड़ की ताकत बढ़ती है।

### फेस पुल्स एक्सरसाइज

- पीठ के ऊपरी हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करें।
- शरीर की मुद्रा और कंधे के स्वास्थ्य में सुधार करता है।
- इस एक्सरसाइज के कम से कम 12 से 15 सेट्स करने का लक्ष्य रखें।

### पैदल चलना

- रोजाना 4000 कदम चलने का लक्ष्य रखें, ऐसा करने से आप किसी भी बीमारी के होने का जोखिम 50% तक कम करत सकते हैं।
- ब्रेन हेल्थ के लिए बीडीएनएफ (ब्रेन डेरिवाइड न्यूरोट्रॉफिक कारक) को उत्तेजित करता है।
- रचनात्मकता को बढ़ावा देता है और तनाव के स्तर को कम करने में मदद करता है।
- इसे आपमें से प्रत्येक के लिए एक जागृति कॉल समझें। इन अभ्यासों को प्राथमिकता दें और गतिहीन कार्य आदतों से जुड़े जोखिम कारकों से मुक्त हो जाएं।

## इम्यून सिस्टम को कमजोर बना देती हैं ये चीजें, आज से ही बना लें दूरी

हम सभी सेहतमंद बने रहने के लिए कई उपाय करते हैं। लेकिन सेहतमंद बने रहने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाना बेहद जरूरी होता है। हांलाकि जाने-अंजाने हम रोजमर्रा की जिंदगी में कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बुरी होती हैं। इसलिए सेहतमंद बने रहने के लिए सही खानपान का होना बहुत जरूरी होता है। वहीं अपनी डाइट में कुछ चीजों को कम से कम शामिल करना चाहिए। कुछ लोगों को मीठा, तला भुना खाना बेहद पसंद होता है। लेकिन यह हमारी सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकता है। बता दें कि ब्लड शुगर लेवल और हार्मोनल बैलेंस पर मीठे का असर होता है। बल्कि हमारी इम्यूनिटी पर भी इसका असर पड़ता है।



### मीठा खाने से इम्यूनिटी पर असर

- आपको बता दें कि मीठी चीजों का सेवन करने से इसका सीधा असर हमारी गट हेल्थ और इम्यूनिटी से होता है।
- ज्यादा मीठा खाने से गट माइक्रोबायोम इंबैलेंस हो सकते हैं। जिसकी वजह से गट में मौजूद बुरे और अच्छे बैक्टीरिया के बीच संतुलन बिगड़ जाता है।
- मीठा अधिक मात्रा में खाने से आंतों की एपिथेलियम की लेयर में सूजन की समस्या हो सकती है। साथ ही लीक गट की समस्या भी हो सकती है।
- इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए हेल्दी गट जरूरी होता है। वहीं आंतों के लीक होने पर इम्यूनिटी पर इसका असर पड़ता है।
- आयुर्वेद में भी इम्यूनिटी और डाइजेस्टिव सिस्टम का सीधा संबंध माना गया है।
- अधिक मीठा खाने से डाइजेशन में गड़बड़ी होने लगती है। साथ ही इम्यूनिटी भी प्रभावित होती है, जिससे हमें इंफेक्शन और बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं।
- आयुर्वेद के अनुसार, खाने को सही तरह से पचाने के लिए डाइजेस्टिव फायर को बेहद जरूरी माना जाता है।
- वहीं डाइजेस्टिव फायर के कमजोर होने से फूड के ब्रेकडाउन औप डाइजेशन में समस्या होती है।

# बालों के लिए वरदान हैं अलसी के बीज

**सर्दी के मौसम के साथ ही बालों से जुड़ी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं, इस मौसम में ज्यादा गर्म पानी के इस्तेमाल से बालों की क्वालिटी खराब होने लगती है और रूसी की समस्या भी शुरू हो जाती है। जिससे बालों का झड़ना बढ़ जाता है और बाल रूखे-बेजान नजर आने लगते हैं। सर्दी के मौसम में अगर आपको अपने बालों की क्वालिटी बेहतर करनी है तो इसके लिए अलसी एक बेहतर विकल्प है। अलसी के इस्तेमाल से बालों को पोषण मिलेगा और रूखे-बेजान बालों की समस्या भी कम होगी। अलसी में मौजूद विटामिन ई, विटामिन बी और ओमेगा 3 फैटी एसिड बालों की क्वालिटी बेहतर करने में मदद कर सकते हैं।**



### बालों में अलसी का उपयोग कैसे करें

#### अलसी हेयर मास्क

अलसी के बीजों से आप हेयर मास्क बना सकते हैं, इसे बनाने के लिए अलसी को पानी में भिगोकर 3 से 4 घंटे के लिए रखें। फिर इसे ब्लेंडर में पीसकर एक स्मूथ पेस्ट बना लें और बालों पर लगाएं। इससे आपके बाल मॉइश्चराइज होंगे।



#### अलसी का तेल

बाजार में आपको अलसी के बीजों का तेल आसानी से मिल जाएगा। आप घर में भी अलसी का तेल बना सकते हैं, इसे बनाने के लिए अलसी के बीजों को हल्का भूनने के बाद पीसें और फिर इसके पाउडर को जैतून के तेल के साथ पकाएं। ठंडा होने पर तेल को बोतल में भरें। इस तेल से स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और बालों को पोषण मिलता है। इससे बाल मजबूत होते हैं और बाल झड़ने की समस्या कम हो सकती है।

#### अलसी का जेल

अलसी के बीजों से जेल बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए जरूरत अनुसार अलसी को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रखें और अगली सुबह इसे धीमी आंच पर 15 से 20 मिनट के लिए पकाएं। ठंडा होने पर छानकर अलसी के जेल को अलग कर लें।

### बालों के लिए अलसी के फायदे

- अलसी के बीजों में प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है। अलसी के बीजों से आप तेल बना सकते हैं, जिसके इस्तेमाल से स्कैल्प हेल्दी रहेगी और बालों की जड़ों को भरपूर पोषण मिलेगा और बाल मजबूत होंगे।
- सर्दियों के मौसम में अलसी के इस्तेमाल से बालों की कमजोर जड़ों को पोषण मिलेगा। जिससे बालों का झड़ना कम हो सकता है।
- अलसी के बीजों से बने तेल के इस्तेमाल से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा, जिससे बालों की ग्रोथ होगी और सफेद बालों की समस्या कम हो सकती है।
- अलसी के बीजों में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड बालों को मजबूत और हेल्दी बनाए रखने में मदद कर सकता है।
- ड्राई स्कैल्प की समस्या में भी अलसी फायदा करती है, इसके इस्तेमाल से ड्राई स्कैल्प और डैंड्रफ जैसी समस्याएं कम हो सकती हैं।
- अलसी में मौजूद बीटा-कैरोटीन बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने में सहायक हो सकता है।
- अलसी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स से बालों की क्वालिटी में सुधार हो सकता है।

# ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें ये खास सीड्स

सर्दियों के मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है, खासकर उन लोगों के लिए जो डायबिटीज से जूझ रहे हैं और शरीर में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना चाहते हैं। सर्दियों के मौसम में जरा सी लापरवाही भी डायबिटीज के मरीजों को भारी पड़ सकती है। इस मौसम में हेल्दी रहने के लिए डायबिटीज मरीज वॉक और एक्सरसाइज के साथ अपनी रोजाना की डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करें जिनसे उनके शरीर का ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहे। शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सीड्स फायदेमंद साबित हो सकते हैं।



### तिल

सर्दियों के मौसम में तिल का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद होता है, इसमें हेल्दी फैट्स के साथ विटामिन श्व, मैग्नीशियम और फाइबर होता है जो इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ा सकता है और ब्लड शुगर को नियंत्रित कर सकता है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर तिल को पोषक तत्वों का पावरहाउस भी कहा जाता है।

### कलौंजी

कलौंजी का इस्तेमाल घरों में मसाले के रूप से सबसे ज्यादा होता है, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर कलौंजी को काला जीरा भी कहा जाता है। औषधीय गुणों से भरपूर कलौंजी में मौजूद अल्फा-लिपोइक एसिड इंसुलिन के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। कलौंजी का सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है।

### मेथी

मेथी के बीज सेहत के लिए लाभदायक होते हैं, लगभग हर भारतीय किचन में आपको मेथी के बीज मिल जाएंगे। जिनका इस्तेमाल सब्जी छौंकने से लेकर अचार बनाने तक में किया जाता है। विटामिन के, पोटैशियम, फाइबर और विटामिन सी से भरपूर मेथी के बीज शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।

### कद्दू के बीज

मैग्नीशियम और फाइबर से भरपूर कद्दू के बीज डायबिटीज से जूझ रहे मरीजों के लिए फायदेमंद होते हैं। कद्दू के बीज रोजाना खाने से शरीर में ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल हो सकता है। इसके अलावा कद्दू के बीज हार्ट को हेल्दी रखने में भी मदद करते हैं।

### सूरजमुखी के बीज

सूरजमुखी के बीजों में अल्फा-लिपोइक एसिड और विटामिन श्व होता है, जो शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकता है। कई तरह के खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर सूरजमुखी के बीज हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

## क्या रोजाना रेडी टू कुक पॉपकॉर्न खाना सेहत के लिए सही होता है?

भागदौड़ भरी जिंदगी के कारण आजकल कई लोग रेडी टू कुक खाने पर निर्भर हो गए हैं। वहीं रेडी टू कुक पॉपकॉर्न का क्रेज भी लोगों में काफी ज्यादा देखने को मिलता है। घर में पार्टी हो या शाम में कुछ लाइट स्नैक्स खाना हो, हमें रेडी टू कुक पॉपकॉर्न बनाना पसंद करते है। लेकिन क्या आप जानते हैं ये दो मिनट में बनने वाला व्यंजन आपके लिए हेल्दी है या नहीं? साथ ही क्या रोज रेडी टू कुक पॉपकॉर्न खाना सुरक्षित है?



### सोडियम की अधिक मात्रा

रेडी टू कुक पॉपकॉर्न में सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है। अगर आप इसका ज्यादा सेवन रोज करते हैं, तो इससे आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है।

### ट्रांस फैट्स

रेडी टू कुक पॉपकॉर्न में ट्रांस फैट्स की मात्रा ज्यादा होती है। इसका सेवन रोज करने से आपके शरीर में ट्रांस फैट्स बढ़ने लगता है, जो हार्ट हेल्थ के लिए भी नुकसानदायक है।

### अर्टिफिशियल इंग्रेडिएंट्स

मार्केट में मिलने वाले पैक्ड पॉपकॉर्न में अर्टिफिशियल कलर्स, फ्लेवर्स, प्रिजर्वेटिव इस्तेमाल किये जाते हैं, जो इसे सेहत के लिए ज्यादा नुकसानदायक बना देते हैं।

### कैलोरी अधिक होना

मार्केट में मिलने वाले रेडी टू कुक पॉपकॉर्न में पाम ऑयल और बटर ज्यादा होता है, जो इसमें एक्स्ट्रा कैलोरी एड करता है। साथ ही इसे रोज खाने से आपका वजन भी ज्यादा बढ़ सकता है।

### ओवरईटिंग का कारण

पॉपकॉर्न को लोग लाइट स्नैक्स समझकर जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जो सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो सकता है। इसके कारण हम कई बार ओवरईटिंग कर लेते हैं, जो तेजी से वजन बढ़ाने का कारण भी बन सकता है।

### घर पर बनाएं पॉपकॉर्न

रेडी टू कुक पॉपकॉर्न के पैकेट खरीदने के बजाय आप घर पर ही पॉपकॉर्न बना सकते हैं। इसके लिए आप एयर पॉप इस्तेमाल कर सकते हैं।

### हेल्दी ऑयल इस्तेमाल करें

अगर आप घर पर ही पॉपकॉर्न बना रहे हैं, तो हेल्दी ऑयल इस्तेमाल करें। इसके लिए आप ऑलिव ऑयल या कोकोनट ऑयल इस्तेमाल कर सकते हैं। इनसे पॉपकॉर्न ज्यादा हेल्दी और टेस्टी बनते हैं। ॉ

### ज्यादा नमक न मिलाएं

पॉपकॉर्न बनाते वक्त उसमें ज्यादा ऑयल या नमक इस्तेमाल न करें। अन्यथा यह ब्लड प्रेशर और कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसकी जगह आप मसाले या हर्ब्स भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पोर्शन कंट्रोल पर ध्यान दें

मार्केट के पॉपकॉर्न में प्रिजर्वेटिव ज्यादा होते हैं, तो अगर आप कभी-कभार भी इसका सेवन करते हैं, तो पोर्शन का ध्यान जरूर रखें। माइंडफुल ईटिंग से आप इससे होने वाले नुकसानों को रोक सकते हैं।

# सर्दियों में मक्का खाने से सेहत को मिलते हैं ये फायदे

सर्दियों में हमारी इम्यूनिटी गर्मियों के मुकाबले कमजोर होती है, इसलिए सर्दियों में हम ज्यादा बीमार पड़ते हैं। इस दौरान डाइट पर खास ध्यान देने की सलाह दी जाती है। सर्दियों में मक्के का सेवन करना भी बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद आवश्यक गुण हमें स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसलिए सर्दियों में सरसों के साग के साथ मक्के की रोटी खाना काफी फायदेमंद माना जाता है। अगर सर्दियों में मक्के का सेवन किया जाए, तो इससे हमें कई स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं।



### पोषक तत्वों से भरपूर

मक्के में सभी आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स मौजूद होते हैं, जो हमारे समस्त स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। इसलिए सर्दियों में मक्के का सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### शरीर में एनर्जी बनाए रखे

मक्के में अन्य पोषक तत्वों के साथ कार्बोहाइड्रेट भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। कार्बोहाइड्रेट शरीर में एनर्जी बनाए रखने में मदद करता है, जिससे इसके सेवन से आपको एनर्जेटिक महसूस हो सकता है। इसके सेवन से आप एक्टिव और फिट महसूस करते हैं।

### इम्यूनिटी मजबूत बनाए

सर्दियों में इम्यूनिटी कम होने की वजह से लोग ज्यादा बीमार होते हैं। ऐसे में मक्के के सेवन से आपको मदद मिल सकती है। मक्के में जिंक और विटामिन भी पाया जाता है, ये दोनों पोषक तत्व ही इम्यूनिटी बनाए रखने में मदद करते हैं।

### पाचन स्वस्थ रखने में मदद करे

सर्दियों में हम पानी कम पीते हैं और खाना ज्यादा खाते हैं। इसलिए सर्दियों में हमें पाचन से जुड़ी समस्याएं ज्यादा होती हैं। वहीं मक्के में फाइबर की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है, जिससे इसके सेवन से पाचन दुरुस्त रहता है। इससे आपको कब्ज और अपच की समस्या नहीं होती है।

### शरीर में गरमाहट बनाए रखे

सर्दियों में हमारे शरीर का तापमान कम होता है, इसलिए ऐसे में गर्म तासीर वाली चीजों का सेवन ज्यादा किया जाता है। मक्के की तासीर भी गर्म होती है, जिससे इसके सेवन से शरीर में गरमाहट बनी रहती है।

### ब्लड शुगर कंट्रोल रखे

सर्दियों में खानपान में बदलाव और शारीरिक गतिविधि कम होने के कारण ब्लड शुगर बढ़ने की संभावना होती है। ऐसे में मक्के का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

# इन खराब आदतों के कारण बढ़ सकती है मुंहासों की समस्या, खूबसूरत त्वचा के लिए बदलाव है जरूरी

हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पाना हर महिला की चाह होती है, लेकिन इस चाहत में अक्सर महिलाएं अपनी स्किन के साथ तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट करने लगती हैं। इन प्रयोगों को महिलाएं अपनी आदत बना लेती हैं, जो समय के साथ धीरे-धीरे स्किन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकती हैं। इन्ही समस्याओं में से एक है एक्ने। पिंपल्स और एक्ने होने के कई कारण हो सकते हैं, लेकिन आपकी कुछ गलत आदतें इनके लिए जिम्मेदार होती हैं।



**स्किन को बहुत ज्यादा एक्सफोलिएट करना :** अगर आप अपनी त्वचा को बहुत ज्यादा एक्सफोलिएट कर रहे हैं और सनस्क्रीन का उपयोग नहीं कर रहे हैं, तो भी आपके चेहरे पर पिंपल्स निकलने की समस्या बहुत अधिक बढ़ सकती है। दरअसल त्वचा को ज्यादा एक्सफोलिएट करने से स्किन की नैचुरल बनावट कम हो जाती है, और स्किन डैमेज होने लगता है।

**बहुत सारे सीरम का उपयोग :** आप एक साथ बहुत सारे सीरम या स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल अपने स्किन केयर रूटीन में कर रहे हैं, तो सावधान हो जाए। क्योंकि इसके कारण भी आपके चेहरे पर एक्ने की समस्या बढ़ सकती है। त्वचा पर बहुत ज़्यादा सीरम लगाने से त्वचा के लाभकारी तत्व सही ढंग से अवशोषित नहीं हो पाते, और चेहरे के सतह पर ही पड़े रहते हैं, जिस कारण ये त्वचा में अतिरिक्त तेल, ब्रेकआउट, और एक्ने का कारण बन सकते हैं।

**चेहरा साफ करने के लिए गंदे कपड़े का इस्तेमाल :** त्वचा पर एक्ने की समस्या का एक कारण चेहरा पोंछने के लिए गंदे कपड़े का उपयोग करना या बार-बार हाथों से चेहरे को छूना भी हो सकता है। आपको चेहरा साफ करने के लिए गंदे कपड़े का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

**सोने से पहले मेकअप रिमूव न करना :** स्किन केयर एक्सपर्ट हमेशा रात को सोने से पहले चेहरे से मेकअप रिमूव करने की सलाह देते हैं। अगर आप मैट सनस्क्रीन या मेकअप लगाने के बाद रात में चेहरा साफ नहीं करते हैं।

**मैदा या डेयरी उत्पाद का अधिक सेवन :** एक्ने और पिंपल्स की समस्या को रोकने के लिए मैदा और डेयरी उत्पाद का सेवन करने से परहेज करना चाहिए। एक्ने की समस्या अक्सर खराब गट हेल्थ के कारण होती है।

# राजस्थान में 3 दिन बाद छा सकते हैं बादल

## रात का टेम्प्रेचर बढ़ने से सर्दी में हुई कमी, दिन का पारा 30 डिग्री पहुंचा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में अब दिन धीरे-धीरे गर्म हो रहे हैं। जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के बाद अब जयपुर में भी दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होने से राजस्थान के कई शहरों में रात में सर्दी थोड़ी कम हो गई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 15 फरवरी तक मौसम इसी तरह का रहने की संभावना है। जबकि 16-17 फरवरी से मौसम में बदलाव हो सकता है। कुछ जगह बादल छा सकते हैं।

### दिन का तापमान औसत से ज्यादा

जयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो औसत तापमान में 5.3 डिग्री ऊपर दर्ज हुआ। कल दिनभर आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। जयपुर के अलावा कल अजमेर में अधिकतम तापमान 30.6, पिलानी में 31.7, चित्तौड़गढ़ में 32.6, उदयपुर में 31.6, जोधपुर में 30.4, बीकानेर में 31.2 चूरू में 32.3, धौलपुर में 31, नागौर में 30.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। डूंगरपुर 31.9, जालोर में 30.7, बारां में 30.6, फतेहपुर में 31.1, करौली में 30.3 और दौसा में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्म दिन बाड़मेर में रहा, जहां का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजस्थान के पश्चिमी शहरों के साथ-साथ अब पूर्वी हिस्सों में भी दिन का अधिकतम तापमान औसत से 3 से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस तक ऊपर दर्ज होने लगा है।

# समान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट जारी

## 8.78 लाख अभ्यर्थी हुए पात्र; 11 भर्ती एग्जाम में शामिल हो सकेंगे कैंडिडेट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने बुधवार को समान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें 40त्न से ज्यादा अंक वाले 8 लाख 78 हजार 69 अभ्यर्थी पात्र घोषित किए गए हैं। ये अभ्यर्थी भविष्य में होने वाली ग्रेजुएशन लेवल की 11 भर्ती परीक्षाओं में समान पात्रता परीक्षा के स्कोर के आधार पर आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- बोर्ड ने समान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। वहीं, समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का रिजल्ट भी अंतिम दौर में है, जिसे इस महीने के आखिरी सप्ताह तक जारी करने की प्लानिंग है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने 27-28 सितंबर 2024 को समान पात्रता परीक्षा ग्रेजुएशन लेवल का आयोजन किया था। इसमें 13 लाख 4 हजार 144 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 11 लाख 64 हजार 554 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे। इसी तरह, पिछले साल 22, 23 और 24 अक्टूबर को समान पात्रता परीक्षा सेकेंडरी लेवल का आयोजन किया गया था।

### एमओयू क्रियान्वयन की द्वितीय समीक्षा बैठक

# निवेश एमओयू को समय पर धरातल पर लागू करेगी राज्य सरकार : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत हुए एमओयू को हर हाल में धरातल पर लागू करने के लिए कार्य कर रही है। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि एमओयू के क्रियान्वयन के लिए त्रैमासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए एमओयू को धरातल पर उतारा जाए।

### निवेशकों को एमओयू प्रगति की मिल रही जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित रखा जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। इसी दिशा में राज्य सरकार द्वारा इन्वेस्टर इंटरफेस के माध्यम से निवेशकों को एमओयू क्रियान्वयन की प्रगति की जानकारी उपलब्ध करवायी जा रही है, इस संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि निवेशकों से समय-समय पर प्रगति की जानकारी साझा करें।

### मुख्यमंत्री के विजन से एमओयू क्रियान्वयन में ऐतिहासिक प्रगति

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 लाख 66 हजार करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू का क्रियान्वयन धरातल पर शुरू हो चुका है। जिसमें ऊर्जा, खनन, नगरीय विकास, उद्योग एवं कृषि क्षेत्र के निवेश शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के दौरान हुए एमओयू की समीक्षा के लिए त्रि-स्तरीय व्यवस्था की गई है। जिसके तहत 1 हजार करोड़ से अधिक राशि वाले एमओयू की समीक्षा प्रतिमाह नियमित रूप से मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे हैं।



### भूमि आवंटन के प्रकरणों की हो मॉनिटरिंग अन्य स्वीकृतियों का हो सरलीकरण

उन्होंने निर्देश दिए कि भू-आवंटन से संबंधित शेष एमओयू प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें। उन्होंने भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की साप्ताहिक रूप से समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि आवंटन से जुड़ी रियायतों का भी सरलीकरण किया जाए। साथ ही, उन्होंने आवंटित भूमि श्रेणी के एमओयू की समीक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध में जरूरी अन्य स्वीकृतियों का जल्द निस्तारण किया जाए, ताकि इन एमओयू के क्रियान्वयन में तेजी आ सके। शर्मा ने निर्देश दिए कि ऐसे एमओयू जिनमें एक से अधिक विभागों की स्वीकृति आवश्यक है, ऐसी स्थिति में सभी संबंधित विभाग क्रियान्वयन प्रक्रिया को आपसी सामंजस्य के साथ तीव्र गति से पूरा करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव आयुर्वेद भवानी सिंह देथा सहित विभिन्न विभागों के शासन सचिव उपस्थित रहे।



# ट्रक का केबिन तोड़कर ऑटो पर गिरी मशीन, 4 की मौत

## ड्राइवर-हेल्पर और ऑटो में सवार 2 महिलाएं दब गईं, 8 घायल, क्रेन से निकाले शव

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही।** सिरोही में तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटोरिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी लोहे की भारी मशीन केबिन को तोड़ते हुए ऑटो पर गिर गई। मशीन के नीचे दबने से 2 महिलाओं समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 8 लोग घायल हो गए। हादसा बुधवार दोपहर 3 बजे स्वरूपगंज थाना क्षेत्र में उदयपुर-पालनपुर नेशनल हाईवे-28 पर कोदरला गांव के पास हुआ। मशीन के नीचे दबने से ट्रक ड्राइवर, हेल्पर और ऑटो में बैठी एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। मशीन को क्रेन की सहायता से उठाकर शवों को बाहर निकाला गया। वहीं, एक महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

**मशीन के नीचे दब गए लोग :** स्वरूपगंज एएसआई नरेंद्र ने बताया- ट्रक सिरोही से आबूरोड की तरफ जा रहा था। ट्रक में लोहे की भारी मशीन रखी हुई थी। थाना क्षेत्र में एनएच-28 पर कोदरला गांव के पास ट्रक ने ऑटो के टक्कर मार दी। इससे ट्रक में रखी मशीन केबिन को तोड़ते हुए बाहर ऑटो पर जा गिरी। केबिन में बैठे ट्रक ड्राइवर, हेल्पर और ऑटो में सवार महिला मशीन के नीचे दब गए।

उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मशीन को कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से हटाकर तीनों के शव बाहर निकाले गए। ऑटो में सवार 9 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए स्वरूपगंज के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। एक महिला को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर करने पर उदयपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

**हादसे के बाद हाईवे जाम :** ट्रक और ऑटो की भिड़ंत के बाद हाईवे पर जाम लग गया। स्वरूपगंज थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक को एकतरफा कर जाम को खुलवाया। पुलिस मृतकों की पहचान के प्रयास कर रही है।

# रिकॉर्ड तेजी के बाद सोने-चांदी के दामों में फिर गिरावट

## 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 800 रुपए घटकर पहुंची 87,400 रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी अस्थिरता का सबसे ज्यादा असर सोने की कीमत पर नजर आ रहा है। भारतीय बाजार में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी सोने की कीमत में बुधवार को 800 रुपए की कमी आई है। जिसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 87,400 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं 100 टूटकर 1 किलो चांदी की कीमत 97 हजार 200 रुपए पर पहुंच गई है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के पंकज सोनी ने बताया कि फिलहाल जयपुर के सर्राफा बाजार में अस्थिरता का माहौल है। बीते कुछ दिनों में जहां सोने की कीमत ने अपने सभी रिकॉर्ड को तोड़ ऑल टाइम हाई के आंकड़े को छू लिया है। वहीं आज 800 रुपए की गिरावट हुई है। बावजूद इसके सर्राफा बाजार में खरीदारों की कमी देखने को मिल रही है। हालांकि काफी लोग सोने को बेचकर मुनाफा कमाने की कोशिश में जुटे हैं। लेकिन आने वाले दिनों में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87 हजार 400 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 81 हजार 900 रुपए पहुंच गई है।

### अमित शाह ने नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की

# जल्द ही प्राथमिक कृषि ऋण समितियों भी कर सकेंगे एयरलाइंस टिकटों की बिक्री : शाह

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 'सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल और श्री मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केन्द्रीय सहकारिता सचिव और सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। समिति ने बैठक में सहकारिता मंत्रालय द्वारा अपनी स्थापना के बाद से सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है। अमित शाह ने कहा कि देश की आज़ादी के कुछ वर्षों बाद तक सहकारिता आंदोलन मजबूत स्थिति में था, लेकिन बाद में ज़्यादातर राज्यों में यह कमजोर होता गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सबसे पहले राज्यों के साथ मिलकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (प्राथमिक कृषि ऋण समितियों) का डेटाबेस बनाने का काम किया और दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देश भर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। श्री शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां प्राथमिक कृषि ऋण समितियों उपलब्ध नहीं हों। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा।

# फोन टैपिंग अब हो या पहले, उसकी जांच हो, हर गलती सजा मांगती है : पायलट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के फोन टैपिंग आरोप और कांग्रेस राज के दौरान फोन टैपिंग मामले पर सचिन पायलट ने कहा कि फोन टैपिंग बहुत गंभीर अपराध है। वो चाहे पहले हुआ हो या अब हुआ, उसकी जांच होनी चाहिए। जो भी नेता, अफसर, पुलिस अफसर दोषी हो, उनका सच सामने आना चाहिए। हर गलती सजा मांगती है, गलती करेगा तो सजा मिलनी चाहिए। किरोड़ी के फोन टैपिंग के आरोपों को लेकर सचिन पायलट ने बुधवार को अपने आवास पर मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा- यह किसी विपक्ष के नेता या साधारण आदमी ने नहीं, सरकार के कैबिनेट मंत्री ने खुद कहा है कि उनका फोन टैप हो रहा है। सरकार का कैबिनेट मंत्री आरोप लगा रहा है, सरकार के कार्रवाई करने की जगह संगठन जवाब मांग रहा है। पायलट ने कहा- यह एक मजाक बना रखा है, वह इस्तीफा दिए बैठे हैं, उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं होता। कलेक्टिव लीडरशिप में हर मंत्री सरकार की तरफ से बोलता है, उनका स्टेटमेंट सरकार का स्टेटमेंट है।

सरकार को निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए, सच्चाई सामने आनी चाहिए। पायलट बोले- सरकार को एक साल हो गया है, अगर वह चाहती तो बहुत कुछ कर सकती थी। सत्ता में बैठने के बाद आंख बंद कर लेना यह दिखाता है कि अनावश्यक दबाव सरकार के ऊपर होगा। आरपीएससी का पुनर्गठन करने, बदलाव लाने और उनकी वर्किंग को बदलने में सरकार बिना समय गंवाए काम कर सकती थी, लेकिन जानबूझकर इसे लटकाया गया। पायलट ने कहा- अब जब हाईकोर्ट बोल रहा है तो बिना समय जाया किए सरकार को आमूल चूल परिवर्तन करना चाहिए।

### किसी सूत्र ने बताया है तो उसका भी खुलासा करना चाहिए : पायलट

पायलट ने कहा- अगर किसी सूत्र ने बताया है तो डॉ. किरोड़ीलाल को भी बात सामने लानी चाहिए, खुलासा करना चाहिए। फोन टैपिंग का मामला गंभीर मामला है। सरकार को स्पष्टीकरण देकर व्हाइट पेपर जारी करना चाहिए। पार्टी के लेवल पर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा- सरकार के मंत्री ने आरोप लगाया कि उनका फोन टैप हो रहा है, सरकार भले ही कोई जवाब नहीं दे रही हो, लेकिन यह गंभीर मामला है। मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। सरकार का मंत्री सरकार का अंग है, मंत्री बोलने का मतलब सरकार खुद बोल रही है। अगर वह खुद कह रहे हैं कि फोन टैप हो रहा है और उनका दल उन पर कार्रवाई करता है। यह भाजपा का अंदरूनी मामला है, लेकिन जब मंत्री कह रहा है कि फोन टैपिंग के प्रमाण हैं तो उस पर सदन में सरकार को जवाब देना चाहिए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजस्थान नियर शकुन्तला अपार्टमेंट,छावनी मेन रोड, कोटा (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। समूह के प्रधान सम्पादक राम बिलास विजयवर्गीय।
मो.नं. 9414242258, 9214048888 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)